संताल एक्सप्रेस ई-पेपर
www.santalexpress.com
https://epaper.santalexpress.com
पर पढ़े .......
26 दिसंबर 2024, गुरुवार
पृष्ठ-08, मूल्य : 2 रुपये
दुमका, वर्ष- 07, अंक - 89
Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज

# संताल एक्सप्रेस

## कांग्रेस ने कंडक्ट ऑफ इलेक्शन रूल्स में संशोधन के निर्वाचन आयोग के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में दी चुनौती

**नई दिल्ली ।** कांग्रेस पार्टी ने चुनाव कराने के कंडक्ट ऑफ इलेक्शन रूल्स में हालिया संशोधन के निर्वाचन आयोग के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। याचिका में कहा गया है कि निर्वाचन आयोग एक संवैधानिक संस्था है जिस पर स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने की जिम्मेदारी है। ऐसी संस्था को जनता से राय लिए बिना ऐसा महत्वपूर्ण संशोधन करने की इजाजत नहीं दी जा सकती है।

# पीएम मोदी ने कराया केन और बेतवा के जल का संगम

## नदी लिंक परियोजना का किया शिलान्यास

### ● पानी की योजनाओं का क्रेडिट अंबेडकर को

एजेंसी

**खजुराहो ।** प्रधानमंत्री नेंद्र मोदी ने खजुराहो में बुधवार को केन-बेतवा लिंक परियोजना का शिलान्यास किया। इसके अलावा उन्होंने ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट का उद्घाटन भी किया। इस मौके पर पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन पर आधारित एक लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। वाजपेयी पर डाक टिकट जारी किया गया। प्रधानमंत्री ने यहां बुंदेलखंडी में कहा कि वीरों की धरती ई बुंदेलखंड पर रहवे वारे सभी जनन को हमाई तरफ से हाथ जोड़के राम-राम पहुंचे। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और डॉ. भीम राव अंबेडकर का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि देश में पानी से जुड़ी योजनाओं का क्रेडिट अंबेडकर को जाता है, लेकिन कांग्रेस ने कभी बाबा साहेब को इसका श्रेय नहीं दिया, लोगों को पता भी नहीं चलने दिया।

प्रधानमंत्री बोले कि पानी के लिए दूरदर्शी आयोजन, इसके विषय में किसने सोचा था? जो सच्चाई है, उसको दबाकर रखा गया। एक ही व्यक्ति को क्रेडिट देने के नशे में सच्चे सेवक को भुला दिया गया। आज मैं




बताता हूं देश आजाद होने के बाद भारत की जल शक्ति, भारत के जल संसाधन, भारत में पानी के लिए बांधों की रचना... इन सबकी दूरदृष्टि किसी एक महापुरुष को क्रेडिट जाता है तो उस महापुरुष का नाम है बाबा साहेब अंबेडकर। अतीत में कांग्रेस सरकारें घोषणाएं करने में माहिर थीं... कांग्रेस सरकारों के पास योजनाओं को लागू करने की न तो नीयत थी और न ही गंभीरता।

पीएम ने कहा, बीते दो दशकों में मध्यप्रदेश ने अनेक पैमानों में शानदार काम किया। आने वाले दशकों में मप्र देश की टॉप इकोनॉमी में से एक होगा। इसमें बुंदेलखंड की बहुत बड़ी भूमिका होगी। विकसित भारत के लिए विकसित मप्र बनाने में बुंदेलखंड का बहुत बड़ा योगदान होगा। पीएम मोदी ने कहा कि आज सांची और अन्य बौद्ध स्तंभा को बौद्ध सर्किट से जोड़ा जा रहा है। गांधी सागर, ओंकारेश्वर डैम, इंदिरा सागर डैम, भेड़ाघाट, बाण सागर डैम ईको सर्किट का हिस्सा है। खजुराहो, ग्वालियर, ओरछा, चंदेरी, मांडू ऐसे स्थलों को हैरिटेज सर्किट के रूप में कनेक्ट किया जा रहा है। पन्ना नेशनल पार्क को भी वाइल्ड लाइफ सर्किट से जोड़ा गया है। टाइगर रिजर्व में बीते वर्ष ढाई लाख पर्यटक आए हैं। यहां जो लिंक नहर बनाई जाएगी, उसमें पन्ना टाइगर रिजर्व के जीवों का भी ध्यान रखा गया है। पीएम ने कहा कि भारत जब दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनने जा रहा है, तो दुनिया में भारत को लेकर जिज्ञासा बढ़ी है। दुनिया भारत को जानना चाहती है। समझना चाहती है। इसका बहुत अधिक फायदा मप्र को होने वाला है। हाल में एक अमेरिकी अखबार में एक रिपोर्ट छपी है। खबर में लिखा गया है कि मप्र को दुनिया के 10 सबसे आकर्षक टूरिस्ट डेस्टीनेशन में से एक बताया गया है। दुनिया के टॉप टेन में एक मेरा मध्यप्रदेश। पीएम ने कहा कि हमारा मप्र टूरिज्म के मामले में हमेशा अव्वल रहा है। खजुराहो आया हूं और पर्यटन की चर्चा न करूं ऐसा हो सकता है क्या? पर्यटन ऐसा सेक्टर है जो युवाओं को रोजगार भी देता है और देश की अर्थव्यवस्थाओं को ताकत देता है।

## मुख्यमंत्री ने शहीद निर्मल महतो की जयंती पर दी श्रद्धांजलि

# जब तक झारखंड रहेगा तब तक निर्मल महतो का नाम अमर रहेगा : हेमंत



संवाददाता

**रांची ।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को शहीद निर्मल महतो की जयंती पर रांची के जेल मोड़ स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की और उनको नमन किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड की धरती पर निर्मल महतो जैसे महापुरुष का जन्म हुआ। इनके आदर्शों को आत्मसात करते हुए हम राज्य की जनता के बीच रहते हैं। झारखंडी अस्मिता, मूलवासी आदिवासियों की भावना के साथ इस अग्रणी नेताओं ने राज्य की जनता को एकत्रित कर रखा और हमलोग भी उनके विचारों के साथ राज्य की जनता के साथ तत्परता के साथ खड़े रहे। हेमंत सोरेन ने कहा कि जब तक झारखंड रहेगा तब तक शहीद निर्मल महतो का नाम अमर रहेगा।

जिलाध्यक्ष मुस्ताक आलम ने कहा कि निर्मल महतो का व्यक्तित्व दूरदर्शी था। झारखंड अलग राज्य आंदोलन की लड़ाई को उन्होंने धार दी। उनकी जयंती हो या पुण्यतिथि हम सभी लोग उन्हें नमन करते हैं और उनकी सोच को आत्मसात कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लेते हैं।

इस अवसर पर पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय और सिल्ली विधायक अमित महतो सहित बड़ी संख्या में झामुमो नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

### मुख्यमंत्री ने अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर उन्हें नमन किया

**रांची ।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर उन्हें शत-शत नमन किया है। सोरेन ने सोशल मीडिया एक्स पर बुधवार को ट्वीट कर क्रिसमस पर्व के शुभ अवसर पर सभी को हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं और जोहार किया है।

# अमित शाह ने 10 हजार बहुउद्देशीय पैक्स, डेयरी, मत्स्य सहकारी समितियों का उद्घाटन किया

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बुधवार को नई दिल्ली में 10 हजार नवगठित बहुउद्देशीय पैक्स, डेयरी और मत्स्य सहकारी समितियों का उद्घाटन किया।

इस मौके पर अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सहकार से



समृद्धि के मंत्र को चरितार्थ करने के लिए हर पंचायत तक सहकारिता पहुंचानी है और इसके लिए पैक्स की पहुंच हर गांव तक सुनिश्चित की जा रही है। अमित शाह ने कहा कि हर पंचायत में किसी न किसी रूप में सहकारिता काम करे और हमारे देश के त्रिस्तरीय सहकारी ढांचे को अगर कोई सबसे ज्यादा ताकत दे सकता है तो वो हमारी प्राथमिक सहकारी समितियां ही दे सकती हैं और इसलिए हमने पहला निर्णय लिया कि दो लाख पैक्स बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सहकारिता मंत्रालय के गठन के बाद हमने सभी पैक्स के कंप्यूटरीकरण का काम किया है। इसके आधार पर 32 प्रकार की नई-नई गतिविधियों को जोड़ा गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और विधायक दल के नेता कर्नाटक रवाना

**रांची ।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की विस्तारित कार्यसमिति की बैठक में हिस्सा लेने बुधवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव रांची बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से बेलगाम (कर्नाटक) के लिए रवाना हुए। रवाना होने के पहले पत्रकारों से बातचीत में प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि हमारे लिए यह गौरव का पल है कि 1924 में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर आसीन हुए। आज हम सभी उनके शताब्दी समारोह में सम्मिलित होने जा रहे हैं, जो एक ऐतिहासिक क्षण होगा।

### महाकुंभ से पहले डरेंगे तो मरेंगे के होर्डिंग्स

**प्रयागराज ।** यूपी में बटेंगे तो कटेंगे के बाद अब नया पोस्टर सामने आया है। प्रयागराज में बुधवार को महाकुंभ से पहले डरेंगे तो मरेंगे के होर्डिंग लग गए हैं। ये होर्डिंग जगद्गुरु रामानंदाचार्य नरेंद्राचार्य की ओर से नागावासुकी मंदिर के सामने लगवाए गए हैं। वहीं, दूसरे पोस्टर में सभी हिन्दुओं में एकता हो, वक्फ के नाम पर संपत्ति की लूट है, धर्मनिरपेक्ष देश में यह कैसी छूट है? लिखा गया है। जगद्गुरु रामानंदाचार्य नरेन्द्राचार्य की ओर से लगवाए गए होर्डिंग के बैकग्राउंड में बंद मुट्ठी वाली

### ईरान सरकार ने नए हिजाब कानून पर लगायी रोक

**तेहरान ।** अपने सख्त इंटरनेट प्रतिबंधों के लिए मशहूर ईरान अब अपना रुख बदल रहा है। ताजा घटनाक्रम में ईरान ने मेटा के मैसेजिंग प्लेटफॉर्म व्हाट्सएप और गूगल प्ले पर से पाबंदी हटा ली है। नए सख्त हिजाब कानून से जुड़े विधेयक को रोके जाने के बाद यह ईरान की सरकार के बदलते तेवर की एक और कड़ी है।

# अब बेरोजगारों को नौकरी के लिए आवेदन करने पर देना होगा 18 फीसदी जीएसटी

## आरक्षित वर्ग को नहीं मिलेगी छूट

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** कहीं सरकारी नौकरी के लिए आवेदन करने वाले बेरोजगारों को 18 प्रतिशत की जीएसटी देना होगी। इसके अलावा एससी,एसटी और ओबीसी को शुल्क में कोई छूट नहीं मिलेगी। कुल मिलाकर परीक्षा फीस तो देनी ही होगी ऊपर से 18 फीसदी जीएसटी का भुगतान भी फाकाकशी के दौर में करना होगा। ये बात अलग है कि जीएसटी की बैठक के बाद कई बार ऐसे किसी टैक्स से कौंसिल के सदस्यों के बार बार इनकार किया, मगर उत्तरप्रदेश सरकार की स्वायत्तशासी संस्था, सीजी सिटी सुल्तानपुर रोड, लखनऊ ने 2024-25 के लिए डाइटिशियन, फार्मासिस्ट, साइको, लाईब्रेरियन, टेक्निकल ऑफिसर सहित 9 विभिन्न पदों के लिए अपनी वेबसाइट पर रिक्तियां निकाली है। उसमें इस बात का साफ जिक्र किया गया है कि सभी वर्ग के आवेदकों को समान रूप से 18 फीसदी जीएसटी आवेदन शुल्क के अतिरिक्त भरना होगा।




**180 रुपया अतिरिक्त भुगतान**

अनारक्षित वर्ग और ओबीसी, ईडब्लूएस वर्ग के आवेदकों को एक हजार रुपये आवेदन शुल्क के साथ 18 फीसदी जीएसटी यानी 180 रुपया अतिरिक्त भुगतान करना होगा। जबकि अनुसूचित जाति, जनजाति के आवेदकों के लिए आवेदन शुल्क घटाकर 600 रुपये रखा गया है, लेकिन जीएसटी समान रूप से 18 फीसदी की दर से 108 रुपये अतिरिक्त भरने होंगे। मतलब साफ है ये सिलसिला परीक्षा दर परीक्षा, राज्य दर राज्य चलेगा। आवेदन शुल्क के साथ बेरोजगारों को अब और पॉकेट ढीला करना होगा। जीएसटी भी भरनी होगी।

### सिनेमाघरों में बिकने वाले पॉपकॉर्न पर पांच फीसदी ही लगेगा जीएसटी

**नई दिल्ली ।** सिनेमा घरों में खुले रूप से बिकने वाले पॉपकॉर्न पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) दर पांच फीसदी ही लागू होगा, जैसा कि रेस्टोरेंट सेवाओं पर लागू होता है। अगर पॉपकॉर्न को फिल्म टिकट के साथ बेचा जाता है, तो इसे एक समग्र आपूर्ति के रूप में माना जाएगा। चूंकि, इस मामले में मुख्य आपूर्ति टिकट है, इसलिए उसकी लागू दर के अनुसार कर लगाया जाएगा। इस बारे में जीएसटी परिषद की 55वीं बैठक में स्पष्टीकरण दिया गया था। जीएसटी के तहत नमक और मसालों वाले पॉपकॉर्न को नमकीन के रूप में वर्गीकृत किया जाता है, जिसको खुले में बेचने पर 5 फीसदी का कर लगता है। पहले से पैक और लेबल के साथ ईट स्नैक्स पर 12 फीसदी जीएसटी और कुछ वस्तुओं को छोड़कर सभी चीनी कन्फेक्शनरी पर जीएसटी 18 फीसदी लगता है।

# शिमला के ईडी दफ्तर में सीबीआई का छापा

## टीम ने अधिकारी के खिलाफ रिश्वत के आरोपों की जांच में खंगाले दस्तावेज




एजेंसी

**शिमला ।** हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में बुधवार को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने शिमला स्थित प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के दफ्तर में अचानक छापेमारी की। यह छापेमारी ईडी के एक अधिकारी से जुड़े पुराने रिश्वतखोरी के मामले की जांच के सिलसिले में की गई। सीबीआई की टीम ने ईडी के दफ्तर में रिकार्ड भी खंगाले।

सूत्रों के अनुसार यह छापेमारी सीबीआई की चंडीगढ़ शाखा ने की। कार्रवाई ईडी के एक अधिकारी के खिलाफ रिश्वत लेने के आरोपों की पुष्टि और साक्ष्य जुटाने के लिए की गई।

ईडी के जिस अधिकारी पर रिश्वत के आरोप हैं, वो बड़े औहदे पर तैनात बताया गया है। इस दौरान सीबीआई की टीम ने दफ्तर के विभिन्न हिस्सों में दस्तावेजों की जांच की।छापेमारी के दौरान आरोपित अधिकारी सीबीआई टीम को नहीं मिला, इस वजह से उससे पूछताछ नहीं हो सकी। सीबीआई ने यहां जांच में कई अहम दस्तावेजों को बरामद किया है। पूरे दिन ईडी दफ्तर में छापे की कार्रवाई पूरे शहर, स्थानीय लोगों और प्रशासन के अधिकारियों के बीच चर्चा का विषय बना रहा।

इस कार्रवाई को लेकर सीबीआई की तरफ से कोई भी आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। लेकिन सीबीआई की ईडी दफ्तर में छापेमारी से यह माना जा रहा है कि रिश्वत मामले में अधिकारी के खिलाफ जांच में तेजी आ सकती है और मुश्किले बढ़ सकती हैं। वहीं आने वाले दिनों में और कार्रवाइयां भी हो सकती हैं।

# जेपी नड्डा के आवास पर एनडीए के नेताओं ने गठबंधन के बीच तालमेल और विभिन्न विषयों पर की चर्चा

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के आवास पर बुधवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के नेताओं की बैठक हुई। इस बैठक में राष्ट्रीय स्तर पर गठबंधन के बीच तालमेल और विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई।

भाजपा अध्यक्ष ने एक्स पर इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में देश अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल कर रहा है और आज उसने



खुद को वैश्विक महाशक्ति के रूप में स्थापित किया है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार सभी के उज्ज्वल और समृद्ध भविष्य के लिए विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। बैठक में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, टीडीपी नेता एवं आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू, जनता दल सेक्युलर नेता एचडी कुमार स्वामी, अपना दल (एस) की अनुप्रिया पटेल, राष्ट्रीय लोक मोर्चा नेता उपेंद्र कुशवाहा, जनता दल (यू) नेता लल्लन सिंह और अन्य घटक दलों के नेता मौजूद रहे।

माना जा रहा है कि बैठक में आंबेडकर पर गृह मंत्री के बयान, एक देश एक चुनाव, वक्फ संशोधन विधेयक सहित अन्य मुद्दों पर घटक दलों के नेताओं ने चर्चा की।

# दिल्ली में महिला सम्मान और संजीवनी योजना जैसी कोई योजना नहीं : विभाग

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** दिल्ली स्वास्थ्य विभाग ने अहम घटनाक्रम में दिल्ली महिला सम्मान योजना और संजीवनी योजना को लेकर सवाल उठाए हैं। दिल्ली स्वास्थ्य विभाग ने मंगलवार को विज्ञापन जारी कर कहा कि ऐसी कोई योजना नहीं है। रजिस्ट्रेशन कर लोगों को गुमराह किया जा रहा है। विभाग की तरफ से विज्ञापन जारी कर लोगों से आगाह किया गया है कि अपनी जानकारी साझा करने से बचें। दिल्ली सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग ने सार्वजनिक नोटिस में कहा है कि उसे जानकारी मिली है कि दिल्ली की महिलाओं को मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना के तहत प्रति माह 2100 रुपये देने का दावा किया जा रहा है। यह स्पष्ट किया जाता है कि दिल्ली सरकार द्वारा ऐसी कोई योजना अधिसूचित नहीं की गई है। ऐसी योजना अस्तित्व में नहीं है इसलिए इसके तहत पंजीकरण के लिए फॉर्म/आवेदन के स्वीकार किया जाना धोखाधड़ी है। उल्लेखनीय है कि आम आदमी पार्टी ने बुजुर्गों के लिए संजीवनी योजना शुरू करने की घोषणा की थी। इसके तहत दिल्ली में 60 साल से ज्यादा उम्र के बुजुर्गों के मुफ्त इलाज का दावा किया गया था।

# शुभेंदु अधिकारी पर आतंकी हमले का खतरा, खुफिया एजेंसियों ने जारी किया अलर्ट

एजेंसी

**कोलकाता ।** पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी को लेकर केंद्रीय खुफिया एजेंसियों ने एक बड़ा अलर्ट जारी किया है। रिपोर्ट के अनुसार, बांग्लादेश स्थित दो कट्टरपंथी संगठनों, जमात-उल-मुजाहिदीन बांग्लादेश (जेएमबी) और हिज्ब-उत-तहरीर (एचयूटी) के सदस्य अधिकारी को निशाना बना सकते हैं। इन संगठनों के कुछ सदस्य पहले ही भारत की सीमा में प्रवेश कर चुके हैं। खुफिया एजेंसियों ने बताया कि शुभेंदु अधिकारी को सार्वजनिक कार्यक्रमों के दौरान निशाना बनाया जा सकता है। अधिकारी हाल ही में बांग्लादेश में



अल्पसंख्यकों और हिंदू धार्मिक स्थलों पर हो रहे हमलों के खिलाफ मुखर रहे हैं।

इस खतरे को देखते हुए केंद्र सरकार ने अधिकारी की सुरक्षा बढ़ा दी है। अब उन्हें पूरे भारत में ÷जेड÷ श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की जाएगी। इससे पहले, उन्हें केवल पश्चिम बंगाल के बाहर वाई श्रेणी की सुरक्षा मिलती थी।

# रोपवे परियोजना के खिलाफ कटरा में 72 घंटे का बंद शुरू, प्रदर्शनकारियों को लिया हिरासत में

एजेंसी

**रियासी ।** जम्मू-कश्मीर में माता वैष्णो देवी मंदिर के आधार शिविर कटरा में विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में लिया क्योंकि प्रस्तावित रोपवे परियोजना को रोकने की मांग तेज हो गई है और शहर में बुधवार से 72 घंटे का बंद रखा गया है।श्री माता वैष्णो देवी संघर्ष समिति ने बंद का आह्वान किया है और कहा है कि विरोध के दौरान कटरा में सभी गतिविधियाँ निर्लंबित रहेंगी। समिति के नेता भूपिंदर सिंह और सोहन चंद के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने कस्बे में विरोध मार्च निकाला और श्राइन बोर्ड



तथा प्रशासन के खिलाफ नारे लगाए तथा उन पर अड़ियल रवैया अपनाने का आरोप लगाया। हालांकि जब पुलिसकर्मियों ने प्रदर्शनकारियों को आगे बढ़ने से रोका तो दोनों पक्षों के बीच झड़प हो गई। अधिकारियों ने बताया कि सिंह और चंद समेत कई प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने हिरासत में लिया और प्रदर्शन स्थल से पुलिस वाहन में ले गए।

# भाजपा अध्यक्ष की तलाश- संघ की पसंद और दलित पर लगाया जा सकता है दांव

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** भारतीय जनता पार्टी अपने नए अध्यक्ष की तलाश कर रही है। फरवरी महीने के अंत तक पार्टी को नया राष्ट्रीय अध्यक्ष मिलने की संभावना है। फिलहाल सत्तारूढ़ पार्टी बूथ, जिला और विभागीय अध्यक्षों के चुनाव में व्यस्त है। जल्द ही प्रदेश अध्यक्षों का चयन होगा। इस बात की संभावना है कि आधे से अधिक राज्यों के अध्यक्ष




बदले जा सकते हैं। इसके बाद नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के नाम का ऐलान किया जाएगा। इस रेस में कई नाम चल रहे हैं। हालांकि, पार्टी सूत्रों का कहना है कि सारी अटकलों पर पानी फिर सकता है।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए जिन नामों की चर्चा है उनमें केंद्रीय मंत्रियों मनोहर लाल खट्टर, शिवराज सिंह चौहान, भूपेंद्र यादव, धर्मेन्द्र प्रधान और भाजपा के वरिष्ठ नेता विनोद तावड़े का नाम शामिल है। हालांकि पार्टी सूत्रों का कहना है कि इन नामों पर विचार करना अभी जल्दबाजी हो सकती है। अंतिम निर्णय भले ही पीएम मोदी और अमित शाह लेंगे, लेकिन आरएसएस को नजरअंदाज करना मुश्किल होगा। ऐसे में संघ की पृष्ठभूमि वाले नेता को ही इस पद की जिम्मेदारी मिलेगी, जो कि भविष्य में दोनों संगठनों की बीच सामंजस्य बनाकर चल सके।

बीजेपी एक दलित नेता को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने पर विचार कर सकती है। अमित शाह के द्वारा संसद में बाबा साहब भीमराव आंबेडकर को लेकर दिए गया बयान के बाद भाजपा फिलहाल बैकफुट पर दिख रही है। वहीं, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे भी दलित समुदाय से आते हैं। ऐसे में बीजेपी दलित मुद्दे पर विपक्ष के आरोपों का जवाब दे सकती है। ऐसे में केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, पार्टी महासचिव दुष्यंत गौतम और उत्तर प्रदेश मंत्री बेबी रानी मौर्य के नाम की भी चर्चा होने लगी है।

# चुनाव से पहले सीएम आतिशी को गिरफ्तार करने की तैयारी : केजरीवाल




एजेंसी

**नई दिल्ली ।** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने आशंका जाहिर कि दिल्ली चुनाव से पहले मुख्यमंत्री आतिशी को गिरफ्तार किया जा सकता है और उनके साथ-साथ अन्य आप नेताओं पर छापेमारी हो सकती है। केजरीवाल ने दावा किया कि ट्रांसपोर्ट विभाग से जुड़े एक फर्जी केस का सहारा लेकर इसतरह की कार्रवाई हो सकती है। केजरीवाल ने कहा, सूत्रों से पता चला है कि ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स विभाग की एक बड़ी बैठक हुई है। बैठक में बताया गया कि ऊपर से निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी तरह से फर्जी केस बनाकर सीएम आतिशी को गिरफ्तार किया जाए।

संताल एक्सप्रेस
देश दुनिया व झारखंड की ताजा खबरें पढ़ने के लिये santalexpress.com पर जाएं या इस बार कोड को स्कैन करें.............

## आईसीसी अंडर 19 टी-20 विश्व कप : भारतीय टीम में चयनित आनंदित को किया गया सम्मानित




**धनबाद ।** एशिया कप अंडर 19 चैंपियन, टीम इंडिया की सदस्य रहीं धनबाद की अनंदिता किशोर एक और बड़ी उपलब्धि हासिल करने में सफल रहीं हैं। दरअसल मलेशिया में 18 जनवरी से होने जा रहे आइसीसी अंडर 19 टी-20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में अनंदिता अपनी जगह बनाने में कामयाब रहीं। इसी क्रम में धनबाद अपने घर पहुंची अनंदिता को उसके उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए आज धनबाद क्रिकेट एसोसिएशन ने कांको स्थित जेएससीए-एसडीएससीए मैदान में एक सम्मान समारोह का आयोजन कर उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान उनकी मां अलका सिंह भी मौजूद रही। इस सम्मान समारोह में डीसीए के तमाम पदाधिकारियों, सदस्यों सहित अन्य संगठनों के पदाधिकारी, डीसीए में प्रशिक्षण ले रहे जूनियर क्रिकेट खिलाड़ी और बुद्धिजीवी मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान सभी ने एक एक कर अनंदिता को पुष्प गुच्छ देकर उन्हें उनके बेहतर भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। वहीं डीसीए के सदस्यों ने अनंदिता के पूर्व के दिनों को याद कर उनके मेहनत और लगन के बारे में सभी को अवगत कराया। इस दौरान डीसीए के तमाम पदाधिकारी एवं सदस्यों ने अनंदिता को पुष्प गुच्छ और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित करने के साथ उन्हें 51 हजार रुपये का गिफ्ट चेक भी दिया। इस दौरान मंच से संबोधित करते हुए अनंदिता ने इस सम्मान के लिए सभी को धन्यवाद दिया। वहीं उनकी माँ अलका सिंह अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि वो सभी बेटियां जो कुछ करना चाहती है उनकी मां को आगे आकर उनका साथ देना चाहिए। इस दौरान डीसीए के पदाधिकारियों ने भी अनंदिता की काबलियत की चर्चा करते हुए उनके बेहतर भविष्य के लिए उन्हें शुभकामनाएं दी और धनबाद की वैसी बेटियां जो अनंदिता की तरह क्रिकेट में कुछ करना चाहती है ।

## राज्य में 28-29 को बारिश की संभावना

**रांची ।** झारखंड में 26 और 27 दिसंबर को कोहरा छाया रहेगा। धीरे-धीरे मौसम साफ होगा। इसके बाद 28 और 29 दिसंबर को बारिश की संभावना है। राज्य के गढ़वा, पलामू, चतरा, लातेहार, लोहरदगा, हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह, गुमला और सिमडेगा में 28 दिसंबर को जबकि 29 दिसंबर को गुमला, खूंटी, सिमडेगा, पश्चिमी सिंहभूम में बारिश की संभावना जताई गई है। राजधानी रांची सहित राज्य में बुधवार को सुबह में कोहरा और आंशिक रूप से बादल छाए रहे। हवा भी लगातार चल रही है। ठंड का कहर जारी है। रांची स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, पिछले 24 घंटे में रांची का अधिकतम तापमान 24.8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 13.7 डिग्री सेल्सियस रहा। इसी तरह जमशेदपुर का अधिकतम तापमान 26.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 15.0 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। पिछले 24 घंटे में डाल्टेनगंज का अधिकतम तापमान 27.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 13.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। बोकारो का अधिकतम तापमान 25.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 14.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इस संबंध में रांची मौसम केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बुधवार को बताया कि पिछले 24 घंटे में सबसे कम न्यूनतम तापमान 11.3 डिग्री सेंटीग्रेड देवघर में दर्ज किया गया। सबसे अधिक उच्चतम तापमान 27.9 डिग्री सेंटीग्रेड सरायकेला में रहा। पिछले 24 घंटे में राज्य में मौसम शुष्क रहा जबकि कहीं-कहीं पर कोहरा भी दर्ज किया गया।

## गुजरात से पहुंचा पलामू की बेटी का शव, सम्मान के साथ झारखंड सरकार ने कराया अंतिम संस्कार

**पलामू ।** पलामू के पांकी की नाबालिग दुष्कर्म पीड़िता का शव बुधवार शाम उसके गांव पहुंचा। गुजरात में दुष्कर्म के बाद बच्ची गंभीर हो गयी थी। इलाज के दौरान 23 दिसम्बर को उसकी मौत हो गयी थी। झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर एवं पूर्व मंत्री वैद्यनाथ राम के नेतृत्व में पूरे सम्मान के साथ देर शाम नाबालिग का अंतिम संस्कार किया गया। मौके पर जिले उपायुक्त शशि रंजन ने प्रभावित परिवार को एक लाख रूपए अंतिम संस्कार के लिए सौंपा। वित्त मंत्री ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा पीड़िता के इलाज के लिए चार लाख रुपए दिए गए थे। राज्य की मंत्री दीपिका पांडे सिंह को पूरे मामले की जांच के लिए गुजरात भेजा था। मौत की सूचना मिलने पर मुख्यमंत्री काफी दुखी हैं और उन्होंने मंगलवार की रात उन्हें बुलाकर निर्देश दिया कि वह पीड़िता के घर जाकर पूरे सम्मान के साथ उसकी अंत्येष्टि करवाए। वित्त मंत्री ने बताया कि प्रारंभिक तौर पर जिला प्रशासन के द्वारा पीड़िता के परिवार को एक लाख रुपये दाह संस्कार के लिए दिया जाएगा। वित्त मंत्री ने गुजरात पुलिस से आरोपी को सख्त सजा देने की मांग की है।

## भाजपा ने अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया

**हजारीबाग ।** भाजपा ने पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती को सुशासन दिवस के रूप में हर्षोल्लास के साथ बुधवार को मनाया। यह विशेष आयोजन हजारीबाग के झांझरिया पुल स्थित हजारीबाग विधायक प्रदीप प्रसाद के कार्यालय में किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कोडरमा के पूर्व सांसद एवं भाजपा झारखंड प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष रविंद्र राय शामिल हुए। मौके पर कोडरमा के पूर्व सांसद और भाजपा झारखंड प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष रविंद्र राय ने अपने संबोधन में अटल बिहारी वाजपेयी को एक अद्वितीय नेता, महान कवि और सुशासन के प्रणेता के रूप में याद किया। उन्होंने कहा वाजपेयी का जीवन राष्ट्रभक्ति और निस्वार्थ सेवा का प्रतीक था। उन्होंने न केवल राजनीति में बल्कि देश के हर वर्ग के जीवन में सुधार लाने का कार्य किया। उनकी दूरदृष्टि और नेतृत्व ने भारत को एक मजबूत और स्वाभिमानी राष्ट्र के रूप में स्थापित किया। सुशासन की उनकी परिकल्पना ने हर व्यक्ति को सम्मान और अवसर प्रदान करने की नींव रखी।

## बंदूक, देसी कट्टा और कारतूस के साथ तीन गिरफ्तार




**पलामू ।** पलामू प्रमंडल अंतर्गत गढ़वा जिले की भवनाथपुर पुलिस ने गुप्त सूचना पर हरिहरपुर ओपी क्षेत्र से बंदूक, देसी कट्टा और कारतूस के साथ तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से बरामद अवैध हथियार के बारे में अनुसंधान किया जा रहा है। बुधवार को सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। गढवा के एसपी दीपक पांडे ने बुधवार को बताया कि गुप्त सूचना मिली कि बतेखुर्द के पवन कुमार गुप्ता, सुबोध कुमार गुप्ता उर्फ प्रिंस कुमार एवं हरिहरपुर टोला भंडार के राजू कुमार के पास अवैध हथियार है। वंशीधरनगर के एसडीपीओ सतेन्द्र नारायण सिंह के नेतृत्व में टीम गठित कर छापामारी की गयी। राजू के घर पहुंचे। यहां घर के छज्जे पर रखा हुआ एक अवैध एक नाली देसी बंदूक बरामद किया गया। मोबाइल जप्त किया गया। इसी क्रम में पवन के घर पहुंचे, उसकी निशानदेही पर उसके घर से 150 मीटर की दूरी पर खेत से एक सात राउंड का देसी कट्टा बरामद किया गया। देसी कट्टा का कोई कागजात नहीं मिला।

# अटल जी ने कभी सत्ता केलिए विचारों से समझौता नहीं किया : .बाबूलाल मरांडी

### स्वाभिमानी भारत , आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए किया हर संभव प्रयास

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**रांची।** बुधवार पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष की शुरुआत हुई। भाजपा ने उनकी जयंती को सुशासन दिवस के रूप में पूरे प्रदेश में मनाया।राज्य के सभी बूथों पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने अटल जी के चित्रों पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। प्रदेश भाजपा मुख्यालय में अटल जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रदर्शनी का उद्घाटन प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने किया। इसके पूर्व विधानसभा परिसर स्थित अटल बिहारी वाजपेयी की आदमकद प्रतिमा पर प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी,क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह सहित प्रदेश के नेताओं ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

आज प्रदेश के सभी जिलों में अटल जी के संबंध में गोष्ठी आयोजित की गई जिसे भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने संबोधित किया।

रांची महानगर भाजपा द्वारा अटल वेंडर मार्केट,रांची में आयोजित



विचार गोष्ठी को प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने संबोधित किया। श्री मरांडी ने कहा कि अटल जी जैसा महान व्यक्तित्व विरले होते हैं।आज अटल जी भले ही शरीर से हमलोगो के बीच नहीं हैं लेकिन उनकी वाणी,उनकी कविताएं ,उनके विचार आज भी देश दुनिया के लोगों का मार्गदर्शन कर रहे हैं। भाजपा के करोड़ों कार्यकर्ता अटल जी से प्रेरित होकर समाज जीवन में अपनी भूमिका का निर्वहन कर रहे। कहा कि संगठन में कार्यकर्ताओं को कार्य करने की स्वतंत्रता के वे आग्रही थे,अनावश्यक दबाव के पक्षधर नहीं थे। कहा कि एक शिक्षक के पुत्र के रूप में जीवन यात्रा प्रारंभ करने वाले अटल जी ने अपने संघर्ष और परिश्रम से महान व्यक्तित्व को गढ़ा।

कहा कि अटल जी ने कभी सत्ता केलिए विचारों से समझौता नहीं किया। पहले गैर कांग्रेसी प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने भारत की राजनीति को नई दिशा दी। देश को आगे बढ़ाने और कांग्रेस पार्टी की देश विरोधी नीतियों से मुक्ति दिलाने केलिए उन्होंने गठबंधन की राजनीति को मजबूती प्रदान की। लेकिन सत्ता लोलुपता उन्हें छू नहीं सकी। कहा कि आपातकाल के बाद बनी जनता पार्टी की सरकार से अलग होना स्वीकार किया लेकिन विचारों से समझौता नहीं किया। उन्होंने कहा कि पहले 13 दिन,फिर 13 महीने फिर साढ़े चार सालों तक प्रधानमंत्री के रूप में श्रद्धेय अटल जी ने विकसित भारत,स्वाभिमानी भारत, दुनियां का सिरमौर भारत भारत बनाने केलिए हर संभव कोशिश की। पहली बार गांव,गरीब , किसान को विकास की मुख्यंधारा से जोड़ने की दिशा में सार्थक पहल अटल जी की सरकार ने किया।

कहा कि अटल जी ने विश्व की महाशक्तियों के आगे घुटने नहीं टेकते हुए पोखरण परीक्षण किया साथ ही दुनिया को यह भरोसा दिया कि परमाणु बम का प्रयोग भारत कभी पहले नहीं करेगा।यह केवल आत्मरक्षार्थ है। पड़ोसी पाकिस्तान से मधुर संबंध बनाने की दिशा में उन्होंने लाहौर तक बस से यात्रा की लेकिन कारगिल में दुश्मन के धोखे को मुहतोड़ जवाब भी दिया। उन्होंने कहा कि यूएनओ में पहली बार हिंदी में भाषण देकर अटल जी ने राष्ट्र भाषा का विश्व पटल पर महिमा मंडन किया।

## क्रिसमस के मौके पर खादी मेला में उमड़ी लोगों की भीड़

### लाह से बनी चूड़ियां महिलाओं के लिए आकर्षण का केंद्र

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**रांची ।** रांची के मोरहाबादी मैदान में चल रहे राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव में बुधवार 25 दिसंबर को क्रिसमस के मौके पर तक़रीबन 18 हजार लोग मेले का आनंद लिया।

मेले में आधार कार्ड और झारखंड टूरिज्म के स्टॉल पर लोगों की काफी भीड़ देखी गई।झारखंड टूरिज्म के स्टॉल पर वीआर माध्यम से वर्चुअल रूप से लोगों को झारखंड के विभिन्न पर्यटन स्थलों को दिखाया जा रहा है। वहीं माटी कला बोर्ड के स्टॉल में मिट्टी से बने बर्तन लोगों को लुभा रहे हैं। लाह चूड़ी के स्टॉल में लाह से बने चूड़िया महिलाओं के लिए आकर्षण का केंद्र हैद्य मेले परिसर में ही लाह चूड़ी बनाने का जीवंत प्रदर्शन भी किया जा रहा है

देशभर के हस्तशिल्प कलाकारों के एक से बढ़कर एक कलाकृतियां लोगों को आकर्षित कर रहे हैं।खादी



के गर्म कपड़ों का कलेक्शन भी लोगों को बहुत पसंद आ रहा है।

क्रिसमस के मौके पर खादी बोर्ड एवं पलाश जैसल पीस के संयुक्त तत्वाधान में क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सार्थक एनजीओ की तरफ से दिव्यांग बच्चों ने भी हिस्सा लिया और क्रिसमस कैरोल गाकर बच्चों ने खूब मस्ती की ,इसके बाद उन्हें खादी बोर्ड की तरफ से क्रिसमस गिफ्ट भी भेंट किए गएद्य क्रिसमस गैदरिंग के अवसर पर मेला परिसर में घूम रहे सांता क्लास के साथ बच्चे सेल्फी लेकर बहुत ही प्रसन्न दिखेद्य सांता क्लास द्वारा बच्चों को चॉकलेट भी दिया गया और बच्चों को ई- रिक्शा से मेला परिसर में घुमाया भी गयाद्य मेला परिसर में बच्चों के लिए विभिन्न आकृतियों के विशाल झूले लगाए गए हैं। सांस्कृतिक कार्यकम में श्री कुश कुमार करवा एवं श्रीमती खुशबू कुमारी, झारखंड कला मंदिर, होटवार रांची द्वारा बांसुरी वादन एवं भरतनाट्यम नृत्य की प्रस्तुति की गई इसके साथ ही श्रीमती सी शालीन और शुभ संस्कार क्रिएटिव डांस एकडमी, रांची द्वारा कथक एवम 4 स्ट्रिंग्स बैंड द्वारा क्रिसमस गैदरिंग, कवयित्री सम्मेलन एवं श्री विवेक नायक ग्रुप द्वारा नागपुरी गायन प्रस्तुत किया गया।

कल होने वाले कार्यक्रम

दिनांक 26 12.2024 को कला एवं संस्कृति विभाग के द्वारा महोत्सव में मोहम्मद मकसूद अंसारी दल, बोकारो एवं श्री धनंजय नारायण खाबड़े दल, देवघर द्वारा हिंदी गायन की प्रस्तुति की जाएगी। साथ ही चंदेल समूह द्वारा डांस प्रस्तुति,बच्चों के लिए नृत्य प्रतियोगिता भी होगी।बच्चों के लिए 5 से 9 आयु वर्ग तथा 10 से 14 आयु वर्ग के लिए महात्मा गांधी पर कविता या भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा ।

## केंद्रीय मंत्री ने डालटनगंज में दूरदर्शन एवं आकाशवाणी केंद्र का किया निरीक्षण

**पलामू ।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री डॉ एल. मुरुगन ने तीन दिवसीय झारखंड के पलामू दौरे के आखिरी दिन बुधवार को डालटनगंज में दूरदर्शन एवं आकाशवाणी केंद्र का निरीक्षण किया। मोहम्मदगंज में नवनिर्मित रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया और यात्री सुविधाओं की जानकारी ली। इस दौरान वे मेदिनीनगर सदर प्रखंड के कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में छात्राओं से मिले। इसके अलावा भाजपा जिला कार्यालय में अटल जयंती पर प्रदर्शनी का उद्घाटन भी किया। इसके बाद शाम को पटना के लिए रवाना हो गए। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री डॉ एल मुरूगन ने बुधवार सुबह दूरदर्शन एवं आकाशवाणी केन्द्र, डालटनगंज का दौरा किया। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पूरा फोकस आकाशवाणी दूरदर्शन पर है। हम उस दिशा में काम कर रहे हैं। उन्होंने दूरदर्शन परिसर में कपूर का पौधा भी लगाया। पलामू जिला लोक कला संस्कृति मंच के अध्यक्ष व आकाशवाणी दूरदर्शन के कलाकार शिशिर कुमार शुक्ला के नेतृत्व में पलामू प्रमंडल के सभी कलाकारों ने केन्द्रीय मंत्री के समक्ष अपनी मांग को रखी। शिशिर ने कहा कि कलाकारों की बातों को गंभीरता से सुनते हुए मंत्री ने आश्वासन दिया कि बहुत जल्द डालटनगंज के आकाशवाणी-दूरदर्शन केन्द्र में कार्यक्रम शुरू होगा। इस ऐतिहासिक कार्य के लिए पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम का हम सभी कलाकार आभारी हैं, जिनके अथक प्रयास से यह संभव हुआ। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में छात्राओं से किया संवाद केंद्रीय मंत्री मुरुगन ने मेदिनीनगर सदर प्रखंड के कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में इंजीनियरिंग की तैयारी कर रही छात्राओं से प्रेरक संवाद भी किया।

## पिक अप वैन ने बाइक को पीछे से मारी ठोकर, युवक की मौत



**खूंटी ।** अड़की थाना क्षेत्र के खूंटी-तमाड़ रोड पर बुधवार को सेरेंगहातु चौक के समीप तेज रफ्तार बाइक ने पिकअप वैन को पीछे से ठोकर मार दी। इससें दोनों बाइक सवार बुरी तरह से घायल हो गए। घायलों को सदर अस्पताल खूंटी लाया गया, जहां रंजीत मुंडा( 22 ) को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार लेबेद निवासी स्व सुरजू मुंडा के पुत्र रंजीत मुंडा और मंगल सिंह पाहन के पुत्र नीरन सिंह पाहन ( 21 ) हेमरोम बाजार से अपने गांव लेवेद लौट रहे थे। उसी क्रम में सेरेंगहातु चौक के समीप खूंटी से तमाड़ की ओर जा रहे पिकअप वैन ने बाइक को पीछे से ठोकर मार दी। इससे बाइक पर सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गयै। दोनों ने हेलमेट नहीं पहना था। इसके कारण दोनों के सिर पर गहरी चोट लगी।घटना की सूचना अड़की थाना को दी गई। सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंचकर पुलिस वाहन से दोनों घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की पहुंचाया गया, जहां दोनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने उन्हें सदर अस्पताल खूंटी रेफर कर दिया। अस्पताल में चिकित्सकों ने रंजीत मुंडा को मृत घोषित कर दिया। दूसरे घायल युवक नीरन सिंह पाहन को गंभीर स्थिति में रिम्स रेफर कर दिया गया।

## वर्ष 2024 में झारखंड की राजनीति में उभरे दो नए सितारे

**संवाददाता**

**रांची ।** झारखंड की राजनीति में वर्ष 2024 में दो नए चेहरे उभरे हैं, जिनकी वर्षभर चर्चा होती रही। ये दो नाम हैं झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की नेता सह गांडेय विधायक कल्पना सोरेन और झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) सुप्रीमो सह डुमरी विधायक जयराम महतो। इन दोनों राजनेताओं के बढ़ते कदम से विपक्षी दल भी हतप्रभ हैं।

कल्पना सोरेन झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष और मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की धर्मपत्नी हैं। कल्पना सोरेन ने पति हेमंत सोरेन के जेल में रहने के दौरान सक्रिय राजनीति में आने का फैसला लिया। गिरिडीह में झारखंड मुक्ति मोर्चा के स्थापना दिवस पर कल्पना सोरेन ने पहला सियासी भाषण देकर राजनीति का आगाज किया। इसके बाद कल्पना सोरेन झारखंड ही नहीं, बल्कि देश मीडिया में चर्चित हो गईं। काफी कम समय में ही कल्पना सोरेन ने जिस अंदाज में पार्टी संगठन का संचालन किया गया, उसे देखकर सभी हैरान रह गए। उन्होंने वर्ष





2024 में पहली बार गांडेय विधानसभा सीट से उपचुनाव लड़कर जीत हासिल की। इसके बाद 2024 के विधानसभा आम चुनाव में भी विजयी रहीं।

कल्पना सोरेन की सभाओं में उमड़ती भीड़ इस बात के प्रमाण रहे कि आमजनों के बीच इनकी लोकप्रियता किस कदर छाई है। राजनीतिक विश्लेषक और आमजनों का कहना है कि वे झामुमो की सभा में सिर्फ कल्पना सोरेन की उपस्थिति में सभा में जाते थे। ईडी द्वारा हेमंत सोरेन के जेल भेजे जाने के बाद चुनाव के संग्राम में कल्पना ने ना सिर्फ हेमंत सोरेन की कमी को पूरा किया, बल्कि झामुमो की शानदार जीत दिलाकर सबको चौंका भी दिया। अब बात करते हैं जयराम कुमार महतो की, जिन्हें टाइगर जयराम के नाम से जाना जाता है। वे वर्तमान में डुमरी विधानसभा क्षेत्र से झारखंड विधानसभा के सदस्य हैं। महतो झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के संस्थापक हैं, जिसे पहले झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के नाम से जाना जाता था। उन्होंने डुमरी विधानसभा क्षेत्र और बेरमो विधानसभा क्षेत्र सीटों से 2024 झारखंड विधानसभा चुनाव लड़ा। उन्होंने मौजूदा मंत्री बेबी देवी को हराकर डुमरी सीट से ऐतिहासिक जीत दर्ज की लेकिन बेरमो सीट हार गए और दूसरे स्थान पर रहे। वरिष्ठ पत्रकार विनय कुमार कहते हैं कि कल्पना सोरेन और जयराम महतो दोनों ही नेताओं को हालात ने राजनीति में कदम रखने के लिये मजबूर किया। जयराम महतो आंदोलनकारी नेता के रूप में उभरे हैं जबकि हेमंत सोरेन के जेल जाने के बाद की हालात ने कल्पना सोरेन को राजनीति में आने के लिए मजबूर किया। राज्यवासी दोनों ही नेताओं को देखना और सुनना पसंद करते हैं।

वरिष्ठ पत्रकार रवि सिन्हा कहते हैं कि राजनीति में कब किसका कद ऊंचा होगा, यह कह पाना मुश्किल है। इसके बावजूद जिस तेजी के साथ जयराम महतो और कल्पना सोरेन ने झारखंड की राजनीति में कदम रखा उसे देखकर अब कहा जा सकता है कि वाकई झारखंड को साल 2024 ने दो नए राजनेता दिया है। हालांकि, समय के अनुरूप आमजनों की हित में दोनों कितना खरा उतर पाते हैं यह आने वाला समय बताएगा।

## अलग-अलग दो सड़क दुर्घटनाओं में चार की मौत, तीन की हालत गंभीर



**लोहरदगा ।** जिले में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में चार लोगों की मौत हो गई जबकि तीन की हालत गंभीर है। पहली सड़क दुर्घटना भंडरा थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात हुई, जिसमें एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई। जानकारी अनुसार, बीएस कालेज के पूर्व प्राचार्य गोस्सनर कुजूर का रांची में डायलिसिस करवाने के बाद उनके पुत्र डेविड कुजूर और उनका साला मारकुस कुजूर एक्सयूवी कार से लोहरदगा लौट रहे थे। इस दौरान नंदिनी पुल के समीप कोटा मोड के पास कार अनियंत्रित होकर पलट गई। दुर्घटना इतनी जोरदार थी कि प्रो. गोस्सनर कुजूर, उनके पुत्र डेविड कुजूर और मारकुस कुजूर की मौत घटनस्थल पर ही हो गई। घटना के पश्चात मसीही समुदाय में क्रिसमस का उत्साह गम में बदल गया है। दूसरी घटना लोहरदगा थाना क्षेत्र के हेसल चौक के समीप हुई। ट्रक और स्कार्पियो की भिड़ंत में स्कार्पियो चालक बाघा निवासी हीरानाथ शाह की मौके पर ही मौत हो गई जबकि बाघा निवासी अशोक उरांव, दीपक उरांव और नीरज उरांव गंभीर रूप से घायल हैं। घायलों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## सीएमपीडीआई में मदन मोहन मालवीय की जयंती मनायी गयी



**रांची ।** 25 दिसम्बर सीएमपीडीआई के स्वर्ण रेखा हॉल में आज बनारस हिंदू विश्वविद्यालय पूर्व छात्र संघए रांची शाखा के तत्वावधान में महामना पंडित मदन मोहन मालवीय जी की 163वीं जयंती मनायी गयी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सीएमपीडीआई के अध्यक्ष.सह.प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार ने महामना पंडित मदन मोहन मालवीय जी की तसवीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्य अतिथि अपने सम्बोधन में पंडित मदन मोहन मालवीय जी के विचारों और दृष्टिकोण को साझा करते हुए कहा कि उन्होंने शिक्षा का महत्वए एकताए सामाजिक न्याय और राष्ट्र की प्रगति के लिए अखंडता पर हमेशा जोर दिया। इस जयंती समारोह में सीएमपीडीआई के अलावा सीसीएलए मेकॉन ए डीएमजी.झारखंड सरकार सहित विभिन्न संगठनों के सदस्यों ने भाग लिया। समारोह की शुरूआत दीप प्रज्जवन एवं कुलगीत से हुआ।

## खूंटी के रचित को एसजीएफआई शूटिंग चैंपियनशिप में मिला रजत पदक



**खूंटी ।** इंदौर, मध्यप्रदेश में आयोजित एसजीएफआई नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में डीएवी खूंटी के छात्र रचित रंजन प्रसाद ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम में रजत पदक हासिल किया है। अंडर-17 वर्ग में 10 मीटर ओपन राइफल शूटिंग में 400 अंकों में से 335 अंक प्राप्त करते हुए टीम ने रजत पदक पर निशाना साधा। इस प्रतियोगिता में 23 राज्यों के निशानेबाज शमिल हुए थे। खूंटी राइफल शूटिंग क्लब और डीएवी खूंटी के लिए यह एक ऐतिहासिक क्षण है। छात्र रचित ने न केवल खूंटी जिले, बल्कि पूरे झारखंड का मान बढ़ाया। छात्र के इस शानदार प्रदर्शन पर विद्यालय के प्राचार्य मनोज़ेश्वर कुमार, खेल शिक्षक मृत्युंजय सिंह, खूंटी राइफल शूंटिंग क्लब के एनआइएस कोच अनुज कुमार ने बुधवार को छात्र को शुभकामना देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## झुमरीतिलैया में दिनदहाड़े घर से 20 लाख के जेवर की चोरी


**कोडरमा ।** झुमरीतिलैया के बजरंग चौक स्थित एक मकान से अज्ञात चोरों ने बुधवार को लाखों रुपए के जेवर की चोरी कर ली है। मामले की जानकारी देते हुए पीड़िता गीता देवी ने बताया कि दिन के करीब एक बजे के आसपास वह अपने घर के बाहर पड़ोसियों से मिलने गई थी। इस दौरान घर में उनकी बहू अकेली थी। वह चूल्हे पर खाना चढ़ाकर छत पर गई थी। थोड़े समय के बाद छत से नीचे आने पर बहु ने कमरे में रखे अलमीरा का लॉक टूटा हुआ पाया। बहू के जरिये इसकी जानकारी उन्हें दी गई। उन्होंने बताया कि अलमीरा के लॉक को तोड़कर चोर के जरिये अलमीरा में रखें सोने के तीन चेन, कंगन चार जोड़ी, चार पीस कानबाली, चार सोना का अंगूठी, चार पीस पायल की चोरी कर ली गई है। चोरी किये गये जेवरात की कीमत करीब 20 लाख रुपए बताया है। उन्होंने बताया कि घटना की जानकारी देने वह तिलैया थाना गई। सूचना के बाद पुलिस की टीम उनके घर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। पीड़िता ने बताया कि उनके पति श्याम किशोर शर्मा पिछले कुछ वर्षों से दुबई में रहते हैं। उनका बेटा रोशन कुमार अड्डी बंगला रोड स्थित फल की गद्दी में काम करता है। वहीं पुलिस उक्त मामले में कार्रवाई करते हुए उसके पुत्र रोशन कुमार को पूछताछ के लिए थाना लायी है। सूत्रों के अनुसार रौशन कुमार ने ही घटना को अंजाम दिया है।

## निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन



**राँची ।** राँची 25 दिसम्बर 2024 को राँची फिजियोथेरेपी एन कायरो प्रेक्टर सेन्टर में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसम लगभग 100 लोगो का कमर दर्द, गर्दन दर्द पेट में गैस का प्रोप्लम साइटिका, आदि का कायरोप्रेक्टिव तकनीक से डा0 शिवशक्ति साहु द्वारा इलाज किया गया, अगर आप किसी प्रकार का दर्द से परेशान है तो संपर्क कर सकते हैं ।

## तीन दिवसीय सीआईएल अंतर कंपनी वॉलीबॉल प्रतियोगिता 2024 संपन्न



**रांची ।** सीसीएल के गांधीनगर क्रीड़ांगन में 22 से 24 दिसंबर 2024 तक आयोजित सीआईएल अंतर कंपनी वॉलीबॉल प्रतियोगिता 2024 सफलता पूर्वक संपन्न हो गई। झारखंड वॉलीबॉल संघ के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में सीसीएल की आयोजन समिति ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला एनसीएल और एमसीएल के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में एमसीएल की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एनसीएल को 3-1 से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा किया। चार सेटों में हुए इस मैच में दोनों टीमों ने अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। स्कोर क्रमशः 26-24, 25-23, 19-25 और 25-17 रहा। पुरस्कार विजेताओं की घोषणा- फाइनल मैच में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए श्री सुधांशु मोहन साहू को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया गया। उनके बेहतरीन खेल के लिए उन्हें बेस्ट डिफेंडर का अवार्ड भी दिया गया।

## देश,पॉपकॉर्न पर तीन तरह के टैक्स? जीएसटी प्रणाली से सभी परेशान

जीएसटी, जिसे गुड्स एंड सर्विसेज़ टैक्स के रूप में एकीकृत कराधान प्रणाली के रूप में प्रस्तुत किया गया था। इस टैक्स के लागू होने के बाद अन्य सभी टैक्स खत्म हो जाने चाहिए थे। जीएसटी का उद्देश्य भारत की कराधान प्रक्रिया को सरल बनाना था। जब से जीएसटी लागू हुआ है। अभी तक जीएसटी कानून में हजारों संशोधन हो चुके हैं। जीएसटी कानून में एक ही उत्पाद पर अलग-अलग टैक्स की दरें हैं। सीए,कारोबारी, वकील उपभोक्ता सभी जीएसटी कानून से परेशान हो चुके हैं। मुकदमों की बाढ़ आ चुकी है। सरकार हर लेनदेन को जीएसटी के दायरे में लेकर आई है। 65 फीसदी जीएसटी की वसूली गरीब और मध्यम वर्ग से हो रही है। जीएसटी में टैक्स की दरें लगातार बढ़ाई जा रही हैं। हाल ही में पॉपकॉर्न पर अलग-अलग जीएसटी की दरों के निर्णय ने एक बार फिर कर प्रणाली की जटिलताओं को उजागर किया है। 55वीं जीएसटी काउंसिल बैठक में गरीबों के पॉपकॉर्न पर लगाए गए टैक्स ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है। सोशल मीडिया में वीडियो रियल और व्यंग्य के माध्यम से केंद्रीय वित्त मंत्री के ऊपर लगातार हमले हो रहे हैं।अब सॉल्टेड पॉपकॉर्न पर 5फीसदी पैक्ड पॉपकॉर्न पर 12फीसदी, और कैरेमल पॉपकॉर्न पर 18फीसदी जीएसटी लगेगा। जीएसटी के इस वर्गीकरण ने आम जनता को भी उलझन में डाला है। कराधान प्रणाली को लेकर अब आम से खास तक सभी हैरान और परेशान है जीएसटी को सरल और तर्कसंगत प्रणाली के रूप में केंद्र सरकार ने पेश किया था। बड़े-बड़े सब्जबाग उपभोक्ताओं को दिखाए गए थे। एक कर प्रणाली से महंगाई कम होगी। टैक्स की चोरी रुकेगी। जीएसटी लागू होने के बाद वस्तुओं और सेवाओं को अलग-अलग श्रेणियों में बांटने की प्रक्रिया ने इसे जटिल बना दिया है। भारत में लागू जीएसटी कानून दुनिया का सबसे जटिल कानून है। जिसका ना कोई ओर है ना कोई छोर है। पॉपकॉर्न जैसे उत्पाद पर तीन अलग-अलग टैक्स, इसका जीता-जागता उदाहरण हैं। जीएसटी कानून में इस तरह के वर्गीकरण से उपभोक्ता को भ्रमित करता है। जीएसटी के नाम पर उपभोक्ता से लूट की जा रही है। कारोबारियों और कर अधिकारियों के लिए भी जीएसटी के कानून हैरान और परेशान करने वाले हैं सरकारी अधिकारियों ने इसे लूट और रिश्वत के लिए मुफीद साबित हो रहा है। जीएसटी कानून की विसंगतियों के कारण न्यायालय में मुकदमे दिन प्रतिदिन बढ़ते ही जा रहे हैं। पॉपकॉर्न पर लगाए गए टैक्स के बाद सोशल मीडिया में व्यंग्य और मीम्स की बाढ़ आ गई है। सारी दुनिया में भारत का पापकार्न ट्रेंड कर रहा है। जनता सरकार के इस फैसले से काफी नाराज है। गरीबों और मध्यम वर्ग की दैनिक उपयोग की जरूरतों पर जमीनी हकीकत से विपरीत भारी टैक्स लगाया जा रहा है। मेदू बड़ा और पानी कफन और अन्य चीजों पर जो टैक्स लगा है। इस पर जनता ने सरकार का मजाक उड़ाना शुरू कर दिया है। इसके साथ ही जनता का विरोध भी देखने को मिल रहा है। प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस इसे वैसे ही गब्बर सिंह टैक्स नहीं कहती है। सरकार ने भी अब यह साबित करना शुरू कर दिया है कि यह वास्तव में गब्बर सिंह टैक्स ही है। जीएसटी कानून में सरकार ने हजारों संशोधन कर दिए हैं। एक ही उत्पाद पर अलग-अलग टैक्स दरों की वसूली की जा रही है। प्रणाली में वर्गीकरण की खामियों से कर चोरी जैसे गंभीर मुद्दे हैं। गरीब और मध्यम वर्ग से भारी टैक्स वसूल किया जा रहा है। हाल की रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2023-24 में 2।01 लाख करोड़ रुपये की जीएसटी की चोरी दर्ज हुई है। उपभोक्ताओं के साथ धोखाधड़ी कर ज्यादा टैक्स वसूल किया गया है। जीएसटी प्रणाली को जनता के लिए सरल और व्यापारियों के लिए सुगम बनाने का सपना दिखाया गया था। उत्पादों पर टैक्स दर तय करते समय जटिलता खत्म करनी होगी एक देश, एक टैक्स के वादे को वास्तविकता में बदलने के लिए अन्य टैक्स खत्म करने होंगे सरकार जीएसटी के वर्तमान कानून के सुधार पर विचार करे।

# महागठबंधन में अकेली होती जा रही है कांग्रेस

**सुरेश हिंदुस्तानी**

भारत की राजनीति निश्चित ही अनिश्चितता का एक ऐसा खेल है, जिसका सीधा-सा आशय नहीं निकाल सकता। यानी जो दिखता है, वैसा होता नहीं है और जो हो जाता है, वह दिखता नहीं है। इसी कारण से कभी-कभी राजनीति से अविश्वास भी होने लगता है। यह अविश्वास केवल जनता के मन में उपजता है, ऐसा नहीं है, राजनीति के ज्ञाता भी इसकी परिधि में गाहे-बगाहे आ जाते हैं। आज के दौर में कांग्रेस के प्रति भी अविश्वास का भाव लगातार बढ़ता जा रहा है। वर्तमान केंद्र सरकार पर निरंतर हमालवर रहने वाले इंडी गठबंधन के राजनीतिक दल आज स्वयं के लिए अलग मार्ग तलाशते दिख रहे हैं। कोई दल कांग्रेस को भाव देने को तैयार नहीं है, लेकिन समस्या यह है कि कांग्रेस आज भी इस सच को आईने में देखने को तैयार नहीं है। आज कांग्रेस की सच्चाई यही है कि उसे अपनी विरासत पर ही भरोसा है, इसके अलावा अन्य राजनेता भले ही बड़े पद पर पहुँच जाएं, उन्हें जितना महत्व मिलना चाहिए उतना मिलता नहीं है। वर्तमान में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे कमोबेश ऐसी ही स्थिति का सामना कर रहे हैं। वे सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका वाड्रा के समक्ष लगभग नतमस्तक से दिखाई देते हैं।

पिछले लोकसभा चुनाव के नतीजे को कांग्रेस भले अपने लिए सफलता माने लेकिन वह सफलता इसलिए नहीं मानी जा सकती, क्योंकि यह कांग्रेस की स्वयं की राजनीतिक ताकत नहीं थी, इसमें इंडी गठबंधन के दलों का योगदान था। लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश के नतीजों में विपक्षी दलों को निश्चित ही अपेक्षित सफलता मिली, लेकिन इसे कांग्रेस की सफलता नहीं माना जा सकता। अगर कांग्रेस के साथ समाजवादी पार्टी नहीं होती तो कांग्रेस की इतनी सीटें नहीं आती। सत्य यही है कि आज कांग्रेस बिना गठबंधन के आगे बढ़ नहीं सकती लेकिन कांग्रेस के नेताओं का व्यवहार ऐसा है कि वही सबका नेतृत्व कर रहे हैं, जबकि वास्तविकता में ऐसा नहीं है। इसी कारण इंडी गठबंधन में दरार पैदा करने वाले स्वर भी सुनाई देने लगे हैं।राजनीतिक आकलन किया जाए तो इन स्वरों के यही निहितार्थ निकल सकते हैं कि कांग्रेस के पास इंडी गठबंधन को नेतृत्व देने का सामर्थ्य नहीं है। पश्चिम बंगाल में अपने राजनीतिक कौशल का लगातार परिचय देने वाली तृणमूल कांग्रेस की नेता ममता बनर्जी इंडी गठबंधन का नेतृत्व करने के लिए व्याकुल दिखाई दे रही हैं।

ममता बनर्जी की राजनीति को देखते हुए यही कहा जा सकता है कि वे किसी और के नेतृत्व में काम करने के लिए सहज नहीं हैं। इसलिए उन्होंने यह स्वयं ही कहा है कि अगर कांग्रेस चाहे तो तृणमूल कांग्रेस गठबंधन का नेतृत्व करने के लिए तैयार है। इसका आशय पूरी तरह से स्पष्ट है कि कांग्रेस में अब नेतृत्व करने की शक्ति नहीं बची है। हर जगह से कांग्रेस को आईना दिखाने का क्रम प्रारम्भ हो चुका है, लेकिन कांग्रेस में तो केवल और केवल इसी बात की राजनीति की जा रही है कि राहुल और प्रियंका को कैसे स्थापित किया जाए। इसी के चलते कांग्रेस अन्य दलों की लगभग अनदेखी-सी करने का प्रयास कर रही है। कांग्रेस अनेक बार उत्थान और पतन की राजनीति से गुजरी है। लगातार तीन लोकसभा चुनावों में पराजय का दंश झेलने वाली कांग्रेस की विसंगति यही है कि वह केवल विरोध करने की राजनीति ही कर रही है। कांग्रेस के नेताओं का हर बयान मोदी या भाजपा तक ही सीमित है। यह अब कांग्रेस का स्थायी भाव सा बन गया है। इसका मतलब यह भी निकल सकता है कि उनके पास स्वयं की ऐसी कोई उपलब्धि नहीं है, जिसके आधार पर राजनीति की जा सके।

अभी हाल ही में प्रियंका वाड्रा ने संसद में कांग्रेस का रटा-रटाया बयान दिया, जिसमें उन्होंने कहा कि मोदी सरकार संविधान बदलना चाहती है। इसमें कितनी सच्चाई है, यह तो राजनीति करने वाले जानते ही हैं, लेकिन ऐसे बयान इसलिए भी उचित नहीं कहे जा सकते क्योंकि यह बयान अनुमान पर ही आधारित हैं। यह बयान ठोस नहीं हैं। ऐसे बयानों का मतलब सबको समझ में भी आने लगा है। कुल मिलाकर यही कहा जा सकता है कि कांग्रेस की राजनीति आधारहीन होती जा रही है। वास्तव में कांग्रेस को अब समय के हिसाब से प्रासंगिक होना चाहिए। प्रासंगिकता के अभाव में कांग्रेस को अब वैसा भाव नहीं मिल रहा, जैसा कांग्रेस को चाहिए।अभी हाल ही महाराष्ट्र और झारखण्ड में विधानसभा के चुनाव हुए। जिसमें कांग्रेस को जैसे प्रदर्शन की उम्मीद थी, वैसा परिणाम नहीं रहा। झारखण्ड में गठबंधन को सफलता जरूर मिली, लेकिन इसे कांग्रेस की सफलता नहीं माना जा सकता। महाराष्ट्र में कांग्रेस को बेमेल गठबंधन ले डूबा। यहां भी फजीहत कांग्रेस की हुई। कांग्रेस के समक्ष हालात यह होते जा रहे हैं कि उसे अब तिनके की तलाश करनी पड़ रही है। देश के कई राज्यों में कांग्रेस अपने बूते चुनाव लड़ने की स्थिति में नहीं है। जहाँ अकेले चलने का प्रयास किया, वहां धड़ाम से नीचे गिर गई। लगातार झटके खाने की आदी होती जा रही कांग्रेस को एक झटका दिल्ली में मिला है। आम आदमी पार्टी के नेता अरविन्द केजरीवाल ने कांग्रेस से दूरी बनाकर यह संकेत दे दिया है कि कांग्रेस का वजूद क्या है। इसके बाद कांग्रेस को स्वयं का आकलन करना चाहिए। लेकिन कांग्रेस ऐसा करने को तैयार नहीं दिखती। कांग्रेस की वर्तमान राजनीतिक स्थिति को देखकर यही कहा जा सकता है कि वह अब इंडी गठबंधन में अलग होती जा रही। कांग्रेस को उसके सहयोगी राजनीतिक दल ही किसी प्रकार का भाव देने की स्थिति में नहीं है।

इसलिए कांग्रेस को चाहिए कि वह अपने आपको पिछलग्गू बनने की बजाय ठोस धरातल बनाने की राजनीति करे, नहीं तो एक दिन ऐसा भी आ सकता है कि कांग्रेस को राजनीतिक दल ही नहीं, जनता भी नहीं पूछेगी।

# अभद्राचार्य के श्रीमुख से एक भद्र टिप्पणी

**राकेश अचल**

7 चित्रकूट के गिरधर मिश्रा यानि जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य के प्रति मेरे मन में श्रद्धा का भाव लेशमात्र भी नहीं है ,लेकिन उनकी विद्वता का मै कायल हूँ । कायल हूँ उनकी निर्भीकता का । वे जिस आत्मविश्वास के साथ जातिवाद का समर्थन करते हैं ,उसी प्रखरता के साथ अपने अभद्र और विदूषक शिष्यों का संरक्षण भी करते हैं। स्वामी जी ने हाल ही ,में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रमुख डॉ मोहन भागवत को भी आईना दिखाकर एक शुभकार्य किया है। उन्होंने कहा है कि भागवत संघ प्रमुख हो सकते हैं जिन्तु हिन्दूधर्म के ठेकेदार नहीं।

गत दिवस पुणे में हिंदू सेवा महोत्सव के उद्घाटन के मौके पर बोलते हुए मोहन भागवत ने कहा कि राम मंदिर के साथ हिंदुओं की श्रद्धा है लेकिन राम मंदिर निर्माण के बाद कुछ लोगों को लगता है कि वो नई जगहों पर इसी तरह के मुद्दों को उठाकर हिंदुओं का नेता बन सकते हैं. ये स्वीकार्य नहीं है. उन्होंने इस माहौल पर चिंता जाहिर करते हुए एक बार फिर मंदिर-मस्जिद वाले चैप्टर को बंद करने की बात कही। उनके इस बयान से ये ध्वनित होता है जैसे कि वे हिन्दू धर्म के ठेकेदार के रूप में बोल रहे हैं। संघ प्रमुख डॉ मोहन भागवत की बात गिरगिट के रंग बदलने जैसा है । उनके प्रचारकों की पार्टी भाजपा इन दिनों देश में मुसलमान के पूजा स्थलों की खुदाई का अभियान चलाये हुए है और इसके लिए बाकायदा अदालतों का सहारा लिया जा रहा है। इस मुद्दे पर स्वामी रामभद्राचार्य ने सबसे पहले अपना मौन तोड़ा और कहा कि ये मोहन भागवत का व्यक्तिगत बयान हो सकता है. ये सबका बयान नहीं है. वो किसी एक संगठन के प्रमुख हो सकते हैं, हिंदू धर्म के वो प्रमुख नहीं हैं कि हम उनकी बात मानते रहें। वो हमारे अनुशासक नहीं हैं। हम उनके अनुशासक हैं। रामभद्राचार्य ने कहा, हिंदू धर्म की व्यवस्था के लिए वो ठेकेदार नहीं हैं. हिंदू धर्म की व्यवस्था, हिंदू धर्म के आचार्यों के हाथ में हैं. उनके हाथ में नहीं हैं। वो किसी एक संगठन के प्रमुख बन सकते हैं. हमारे नहीं हैं। संपूर्ण भारत के वो प्रतिनिधि नहीं हैं। राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के समय से ही भाजपा और सरकार से खिंचे रहने वाले ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद भी मोहन भागवत के बयान के बाद गुस्से में है। उन्होंने कहा, जो लोग आज कह रहे हैं कि हर जगह नहीं खोजना चाहिए, इन्हीं लोगों ने तो बात बढ़ाई है और बढ़ाकर सत्ता हासिल कर ली. अब सत्ता में बैठने के बाद कठिनाई हो रही है।

हिन्दू धर्म के स्वयम्भू संरक्षक संघ प्रमुख के बयान की मुखालफत करने वाले स्वामी रामभद्राचार्य विचारों से पक्के हिन्दू हैं ,हिन्दू ही नहीं बल्कि राजनीतिक विचारों के मामले में भाजपा के समर्थक हैं और खुले आम भाजपा के लिए काम करते हैं। कांदिवली के ठाकुल विलेज में डेरा डाले बैठे स्वामी रामभद्राचार्य ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार को लेकर सरकार कदम उठा रही है, लेकिन अब और कठोर कदम उठाना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से कहूंगा कि वो कठोर रुख अपनाएं. इसके साथ उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित होने वाले कुंभ के आयोजन पर उन्होंने खुशी जाहिर की। स्वामी रामभद्राचार्य का बयान भी हालाँकि एक भूल-भुलैया ही है क्योंकि स्वामी जी भी वही सब चाहते हैं जो डॉ भागवत चाहते हैं, या जो योगी आदित्यनाथ चाहते हैं या प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी चाहते हैं। स्वामी रामभद्राचार्य के पतु शिष्य बागेश्वरधाम के विदोषक बाबा धीरेन्द्र शास्त्री तो बाकायदा भाजपा के कार्यकर्ता के रूप में काम कर रहे है। उन्होंने हाल ही में 200 किमी की एक पदयात्रा भी हिन्दुओं को एकजुट करने के लिए की थी। लेकिन फिलहाल स्वामी रामभद्राचार्य ने ध्यान भटकाने में डॉ भागवत की मदद की है या विरोध ये तय कर पाना आसान नहीं है।

पहले संसद में फिर संसद के बाहर डॉ भीमराव अम्बेडकर पर बयान को लेकर घिरी भाजपा अब धर्म के मुद्दे पर वापस आ गयी है । अब पूरी सरकार और सरकारी पार्टी महाकुम्भ की बात करने लगी है। डॉ अम्बेडकर को लेकर केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा सदन में दिए गए भाषण के बाद न केवल विपक्ष का आईएनडीआईए गठबंधन बल्कि दूसरे दल भी भाजपा के खिलाफ खड़े नजर आ रहे हैं। डॉ अम्बेडकर की मान -प्रतिष्ठा को लेकर भाजपा और कांग्रेस एक-दूसरे के खिलाफ आरोपों की झड़ी लगाए हुए हैं। मेरा मानना है कि यदि स्वामी रामभद्राचार्य हिंदुत्व की ठेकेदारी के मुद्दे पर संघ के खिलाफ खड़े हो जाएँ तो स्थितियां बदल सकतीं हैं ,लेकिन वे ऐसा कर नहीं सकते। आपको याद दिला दें कि स्वामी रामभद्राचार्य 24 साल पहले सन 2000 में न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र द्वारा आयोजित सहस्राब्दी विश्व शान्ति शिखर सम्मलेन में भारत के आध्यात्मिक और धार्मिक गुरुओं में जगद्गुरु रामभद्राचार्य सम्मिलित थे।

## पाकुड़ की खबरें

## जिलेभर में धूमधाम से क्रिसमस आयोजित, विशेष प्रार्थना सभा का हुआ आयोजन



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**पाकुड़** । क्रिसमश दिवस के अवसर पर मंगलवार की देर रात जिले के सभी गिरजा घरों में विशेष प्रार्थना सभा आयोजित की गई । जितादो मिशन चर्च आदि गिरजाघरों में ईसाई समुदाय के लोगो ने प्रभु यीशु को स्मरण की उसके समक्ष प्रार्थना किया तथा प्रभु यीशु का आशीर्वाद ली। हिरणपुर तोड़ाई में आयोजित चर्च में उत्सव का माहौल था। जहाँ क्षेत्र के हजारों ईसाई समुदाय के लोग उपस्थित हुए। पर्व को लेकर चर्च स्थल को आकर्षक रूप से सजाया गया था। जहां प्रभु यीशु की सचित्र जीवनी की मनमोहक प्रदर्शनी भी लगाई गई थी। रात को फादर चार्ल्स व फादर मानु के द्वारा उपस्थित लोगों के बीच प्रभु यीशु को स्मरण करते प्रार्थना कराई गई। फादर ने उपस्थित लोगों के बीच प्रभु की जीवनी व उपदेशो को विस्तृत रूप से जानकारी दिया। बुधवार सुबह बाबुधन मराण्डी के नेतृत्व में संत गोरेटटी विद्यालय के छात्राओ द्वारा प्रभु यीशु की याद में गीत की प्रस्तुति की गई। वही फादर ने उपस्थित लोगों के बीच प्रार्थना कराई। इस अवसर पर विद्यालय के सिस्टर प्रमिला सहित अन्य लोग उपस्थित थे। उधर संत लुक्स मिशन निकट स्थित चर्च सहित अन्य चर्च में भी प्रार्थना सभा आयोजित हुई। जिसमें सभी ईसाई समुदाय के लोगो ने भाग लिया। इस अवसर पर पाकुड़ नगर को विद्युत के आकर्षक बालपो द्वारा सजाया गया। जगह-जगह स्टार लगाया गया। पाकुड़ मिशन स्कूल व गोकुलपुर स्थित चर्च में प्रभु यीशु की याद में प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। प्रार्थना सभा में महिला पुरुष बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। बच्चे संता क्लोज के ड्रेस में उपस्थित रहे।

## अनुकम्पा के आधार पर 01 लिपिक एवं 06 अनुसेवक को मिला नियुक्ति पत्र



पाकुड़। समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में उपायुक्त मनीष कुमार व पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने मृत सरकारी सेवक के आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर समाहरणालय संवर्ग अंतर्गत 01 निम्नवर्गीय लिपिक, 06 अनुसेवक पद पर नियुक्त पत्र प्रदान किया है।

नियुक्ति पत्र देने के दौरान उपायुक्त मनीष कुमार ने अनुशासित एवं कर्तव्यनिष्ठ होकर हमेशा सजग रहकर अपने कर्तव्य पथ पर अग्रसर रहने का निर्देश दिया। नियुक्ति पत्र प्राप्त कर सभी सातों व्यक्तियो चेहरे पर मुस्कान की झलक देखी जा सकती थी।

## एसपी ने किया नए थाना भवन का निरीक्षण



**हिरणपुर (पाकुड़ )**पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने हिरणपुर थाना परिसर में करोड़ों की लागत से बन रहे नए थाना भवन का निरीक्षण किया।इस दौरान संवेदक को जनवरी माह तक भवन पूरा करने का निर्देश दिया। वहीं थाना के चहारदीवारी निर्माण का भी जायजा लिया। इसके बाद ठीकेदार को भवन निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण तरीके से करने का बात कही. एसपी ने कहा कि कार्य में सरकारी प्राक्कलन के अनुरूप कार्य करे। मौके पर थाना प्रभारी रंजन सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

## डीसी व एसपी ने मदर टरेसा चौक का किया निरीक्षण

**संवाददाता**

**पाकुड़।** सड़क चौड़ीकरण को लेकर मंगलवार को देर रात को उपायुक्त मनीष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से नगर परिषद अंतर्गत मदर टेरेसा चौक का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने सड़क चौड़ीकरण किए जाने के संबंध में जायजा लिया। साथ ही मदर टरेसा चौक के सौंदर्यीकरण को लेकर विशेष कार्य पदाधिकारी एवं प्रशासक, नगर परिषद पाकुड़ को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।



## श्री श्री 1008 महारुद्र यज्ञ कलश यात्रा के साथ हुआ प्रारंभ



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

पाकुड़। अभयानंद अभिषेक शास्त्री जी महाराज के आगमन के साथ श्री श्री 1008 महारूद्र यज्ञ का कलश यात्रा के साथ हुआ प्रारंभ। नगर के शिव शीतला मंदिर प्रांगण से कलश यात्रा निकल गया। जिसमें हजारों हजार की संख्या में माताएं बहनों एवं सनातनियों के उत्साह के साथ गांधी चौक होते हुए हिरण चौक, बागान पड़ा होते हुए शिव शीतला मंदिर प्रांगण होते हुए महा रूद्र यज्ञ प्रांगण में सात मंजिला यज्ञ भवन की परिक्रमा कर समापन किया गया।मौके पर आयोजन की अगुवाई करते हुए नीरज मिश्रा, सुनील सिंह, सुमित मलिक,कमल गोयल, आयोजन के जजमान प्रदीप अग्रवाल, प्रतीक ठाकुर, निर्मल भगत, तपन सेन, मिथलेश ठाकुर, अनंत अग्रवाल, उज्जवल भगत राम भक्त सेवा दल के प्रदेश अध्यक्ष राहुल सिंह,जिला अध्यक्ष रतन भगत, रोहित भगत,सागर चौधरी,अभिषेक कुमार,मनोज दास, ऋतु राज बसंत एवं अन्य सैकड़ो की संख्या में सनातनी उपस्थित थे।

## बाइक दुर्घटना में बाइक चालक घायल

लिट्टीपाड़ा( पाकुड़)।थाना क्षेत्र के लिट्टीपाड़ा अमड़ामाड़ा मुख्य सड़क थाना के समीप मंगलवार देर शाम एक मोटर साईकिल का संतुलन बिगड़ जाने से मोटरसाईकिल चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के सांवलापुर गांव निवासी सुफल मरांडी 28 वर्ष अपने सुपरस्पेलंडर बाइक से दो दोस्त के साथ जीतपुर से घर जा रहा था कि लिट्टीपाड़ा थाना के समीप बाईक चालक वाहन को नियंत्रण नहीं कर पाया और दुर्घनाग्रस्त हो गया। जिससे बाईक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर एएसआई हरेराम यादव घटनास्थल पर पहुंच कर घायल व्यक्ति को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लिट्टीपाड़ा पहुंचाया गया ।जहां पर डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। साथ ही डॉ ने बताया कि घायल को गंभीर चोट आया था उसे बेहतर ईलाज के लिए पाकुड़ रेफर कर दिया गया है।

## चलाया गया सघन वाहन जांच अभियान

हिरणपुर (पाकुड़ ) पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के निर्देश पर हिरणपुर थाना के सामने बुधवार शाम सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया।इस दौरान थाना के एएसआई मृत्युंजय पाठक के साथ पुलिस जवानों ने दर्जनों बाइक चालकों को बगैर हेलमेट का पकड़ा गया। वहीं जांच क्रम में चालकों का ड्राइविंग लाइसेंस, इंसोरेंस, वाहन से सम्बंधित आवश्यक कागजात आदि की जांच की गई।इसके अलावे कार की डिक्की एवं अन्य कागजातों की जांच की गई इस बावत थाना प्रभारी रंजन कुमार ने बताया कि वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। उन्होंने कहा कि वाहन जांच में चालक द्वारा नियमों का पालन नहीं किये जाने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## एसपी ने देर रात किया नगर थाना का औचक निरीक्षण, कई पुलिसकर्मियों को किया लाइन क्लोज

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**पाकुड़ । मंगलवार को देर रात पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार पाकुड़ द्वारा नगर थाना का औचक निरीक्षण किया गया । इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने लम्बे समय से लंबित कांडों की समीक्षा की व लंबे समय से लंबित कांडों का प्रगति नहीं पाए जाने पर संबंधित अनुसंधानकर्ता एवं थाना प्रभारी को भविष्य के लिए सचेत करते हुए आवश्यक निर्देश दिया गया। नगर थाना क्षेत्र में विगत दिनों में घटित चोरी की घटना एवं गस्ती में शिथिलता बरतने के कारण नगर थाना क्षेत्र में प्रतिनियुक्त टाइगर मोबाइल में लंबे समय से प्रतिनियुक्त पुलिस कर्मियों को अविलंब हटाने एवं नए पुलिसकर्मियों को प्रतिनियुक्त करने का आदेश दिया । नगर थाना में प्रतिनियुक्त आरक्षी कुमार गौरव, सी सी टी एन एस ऑपरेटर को कार्य में लापरवाही एवं अनुशासनहीनता बरतने पर इन्हें लाइन क्लोज किया गया। नगर थाना क्षेत्र में पेट्रोलिंग पार्टी को मुस्तैदी के साथ भ्रमणशील रहकर समय व स्थान बदल कर वाहन जांच करने का आदेश दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने सभी पुलिस पदाधिकारी, पुलिस कर्मियों को अवैध गतिविधि में संलिप्तता की सूचना प्राप्त होने पर संबंधित कर्मी के विरुद्ध कठोर अनुशासनिक कारवाई करने का आदेश दिया।

## यीशु के जन्मदिन पर रोशन हुए महेशपुर प्रखंड के कई गिरजाघर



**महेशपुर (पाकुड़ )** प्रखंड के हांथीमारा ,चंद्रपुरा ,सहित कई गिरजाघरों में ईसा मसीह प्रभु यीशु का जन्मदिन क्रिसमस डे के रूप में धूमधाम से मनाया गया। प्रभु यीशु का जन्म होते ही गिरजाघरों में बधाईयां गूंजने लगी। चारों तरफ खुशियों का माहौल बन गया। 12 बजते ही चर्च के घंटे घनघनाने लगे। गिरजाघर हैप्पी क्रिसमस, मैरी क्रिसमस से गूंज उठा । ईसाई समुदाय और प्रखंड वासियो ने प्रभु ईसा मसीह का जन्म उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया। माता मरियम की सेवा में जागरण और प्रार्थना की। जैसे ही रात के बारह बजे गिरजाघरों में घंटे, घड़ियालों की ध्वनि के साथ प्रभु के जन्म का शुभ संदेश गूंज उठा। प्रमुख गिरजाघरों में विशेष पूजा-अर्चना और प्रार्थना सभाओं का आयोजन किया गया। हथीमारा के प्रधान पुरोहित राजेश बा ने बाइबिल से पाठ पढ़कर प्रभु यीशु के जन्म का संदेश सुनाया। उनके जीवन के महत्वपूर्ण पहलुओं को साझा किया। इस अवसर पर फादर सपन कुजूर सहित अन्य मौजूद थे ।

## लोगों ने प्रार्थना सभा के बाद एक दूसरे को दी क्रिसमस की बधाई



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**अमड़ापाड़ा(पाकुड़)प्रखंड भर के विभिन्न गिरजाघरों एवं मिशन विद्यालयों में बुधवार को प्रभु यीशु मसीह के जन्मदिन के मौके पर ईसाई समुदाय के लोगों के द्वारा क्रिसमस का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ईसाई समुदाय के लोगों ने प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गिरजाघरों में प्रार्थना की।सुबह से ही गिरजाघरों में लोगों की भीड़-भाड़ देखी गयी। इस दौरान नए-नए कपड़े पहन बच्चे खुशी से झूम रहे थे। क्षेत्र के शहरघाटी, गौरपाड़ा, डुमरचीर, आलूबेड़ा, तालझारी, बड़ा बास्को संथाली सहित अन्य स्थानों पर गिरजाघरों में बड़ी संख्या में लोग प्रार्थना सभा में मौजूद रहे। लोगों ने गिरजाघरों में उपस्थित होकर फादर की अगुवाई में प्रभु यीशु मसीह की आदमकद प्रतिमा के समक्ष मोमबत्ती जलाकर सामूहिक प्रार्थना की। प्रार्थना के दौरान फादर ने कहा कि प्रभु यीशु ने जीवन भर लोगों को परस्पर प्रेम करने, एक दूसरों के साथ दयापूर्वक व्यवहार करने और मानव सेवा की शिक्षा दी है। इससे समाज में सुख और शांति का वातावरण रहेगा। क्रिसमस के अवसर पर 24 दिसंबर की रात से ही विभिन्न गिरजाघरों में संगीत, प्रार्थना सभा आदि का आयोजन किया गया। मध्य रात्रि से ही एकदूसरे को क्रिसमस की बधाई देने का सिलसिला शुरू हो गया था। इस अवसर पर लगभग सभी गिरजाघरों को आकर्षक फूलों एवं गुब्बारों से सजाया गया था। वहीं विद्युत सज्जा से गिरजाघरों की खूबसूरती देखते ही बनती थी।

## अटल बिहारी वाजपेयी की मनाई गई जयंती



**पाकुड़।** भाजपा जिला अध्यक्ष अमृत पांडे के नेतृत्व में राजनीतिज्ञ,प्रशासक,भाषाविद,कवि, पत्रकार,लेखक पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 100 वीं जयंती भारतीय जनता पार्टी पाकुड़ के कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर पाकुड़ नगर के अटल चौक पर स्थापित उनके आदमकद पर प्रतिमा पर भाजपा कार्यकर्ताओं में माल्यार्पण कर व पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दुमका लोकसभा के पूर्व सांसद सुनील सोरेन एवं भाजपा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष-सह- राज्यसभा सांसद अभयकांत प्रसाद मौजूद थे।इस अवसर पर जनसंघ के जमाने के कार्यकर्ताओं पूर्व विधायक बेनी प्रसाद गुप्ता एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता सच्चिदानंद तिवारी को साल ओढ़ाकर एवं पुष्प गुच्छ देकर को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य अनुग्राहित प्रसाद साह,निवर्तमान नगर परिषद अध्यक्ष सम्पा साहा,पूर्व जिलाध्यक्ष विवेकानंद तिवारी, हिसाबी राय उपस्थित रहे। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अभयकांत प्रसाद ने कहा कि कार्यकर्ताओं के पथ प्रदर्शक भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटलअटल जी के नेतृत्व में देश ने सुशासन को चरितार्थ होते हुए देखा है।कार्यक्रम में अटल जी के दो कविताओं का गायन सुदीप त्रिवेदी ने किया। मौके पर भाजयुमो के जदयू जिलाध्यक्ष गौतम मंडल,धर्मेंद्र त्रिवेदी रूपेश भगत,सुशील मिश्रा,गोपी दुबे,मिथिलेश मंडल,मनोरमा देवी,प्राची चौधरी,निधि गुप्ता,बेला मजूमदार,प्रवीण मंडल,धर्मेंद्र साह,राजेश डोकानियां, संजीत मुखर्जी,राजा अंसारी,भुट्टू , अजित रविदास,कुनाय,राणा शुक्ला,विश्वनाथ प्रसाद भगत,नौकोड़ी दास,श्यामल गोस्वामी, डॉ इमदादुल शेख,सादेकुल शेख,मो अफजल,मो मुस्ताक,मो शमशाद पप्पू अंसारी सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सुशासन दिवस के रूप में मनायी गयी अटल जयंती, लगाई गई प्रदर्शनी

# अटल जी ने कहा था आप मुझे सांसद दें, मैं आपको झारखंड दूंगा : नारायण




**संवाददाता**

**देवघर ।** बुधवार को भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की एक सौवीं जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। इस बाबत जिला भाजपा कमेटी की ओर से शहर के बिलासी टाउन स्थित शिव वाटिका में कार्यक्रम का आयोजन जिलाध्यक्ष सचिन रमानी की अध्यक्षता में किया गया। साथ ही अटल जी की जीवनी पर चित्रों की प्रदर्शनी लगाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर राष्ट्र गान के साथ किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय, बोकारो के पूर्व विधायक विरंची नारायण, देवघर के पूर्व विधायक नारायण दास उपस्थित थे।

वहीं पूर्व विधायक नारायण दास ने अटल बिहारी वाजपेयी को याद करते हुए कहा कि अटल जी ने कहा था आप मुझे सांसद दे मैं आपको झारखंड दुंगा। उन्होंने एक पाकिस्तानी पत्रकार ने कहा कि आप शादी क्यों नहीं करते मैं आपसे शादी करना चाहता हूं तो अटल जी जवाब दिया कि मैं शादी करने के लिए तैयार हुं बल्कि मुझे दहेज के रूप में पूरा पाकिस्तान मिलना चाहिए। उन्होंने कहा था कि मैं प्रधानमंत्री तो बन गया लेकिन सपनों का भारत नहीं बना सका। उन्होंने लोगों से अटल बिहारी वाजपेयी के बताए मार्ग चलने का आह्वान किया।

**अटल जी को पढ़ना आसान है लेकिन उसे जीवन में उतारना कठिन है: विरंची**

इस मौके पर पूर्व विधायक विरंची नारायण ने कहा कि स्व अटल बिहारी वाजपेयी को पढ़ना आसान है लेकिन उसे जीवन में उतारना कठिन है और जो व्यक्ति जीवन में उतार लिया तो उनका जीवन धन्य हो जाएगा। वह खाने के बहुत शौकीन थे। एक बार राज्यसभा के सांसद रहे अजय मारू को बुलाया और पूछा कि क्या यहां गोलगप्पे मिलते हैं। सहित अटल जी के जीवनी से जुड़ी कई कहानियों को सुनाते हुए उन्हें कुशल संगठनकर्ता बताया। अटल बिहारी वाजपेयी ने झारखंड अलग राज्य दिया। वह बिना माईक के भी सभा को संबोधित किया करते थे। उन्होंने ईश्वर से एकबार अटल जी जैसे व्यक्ति को भारत की गोदी में देने का काम करने का आह्वान किया। ताकि भारत सोने की चिड़िया बन अटल जी के सपनों का भारत बन सके।

## वाजपेयी आज भी हम लोगों के प्रेरणा स्रोत हैं : बालमुकुंद

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय ने कहा कि हम सब सौभाग्यशाली हैं कि अटल जी ने जिस पार्टी को खड़ा किया उसके कार्यकर्ता हैं। कार्यकर्ता विचारधारा के साथ मूल्यों की राजनीति करते हैं। अटल बिहारी वाजपेयी समाज के लिए काम किया है। पार्टी जब बड़ा होता है तो सब कुछ उसे नहीं मिलता है उस समय हमें बिचलित नहीं होना चाहिए। हम सब विचारों के आधार पर भाजपा से जुड़े हैं। अटलजी पार्टी के स्थापना काल से रहे, एमपी बने और प्रधानमंत्री भी बने। उन्होंने झारखंड गठन को लेकर भी पूराने दिनों में घटी घटनाओं को याद दिलाया और अटल जी हुई बातचीत का उल्लेख किया। हम सबों को अटल बिहारी वाजपेयी के काम करने के तरीकों समझना होगा। उन्होंने कहा कि हमें इतिहास बदलना है लेकिन भूगोल नहीं बदलना है। उनकी कविताओं को आज प्रसंगिक बताया। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, सर्वशिक्षा अभियान, किसान क्रेडिट कार्ड दिया। जिससे गांवों का विकास हुआ। झारखंड आंदोलन के दौरान हुई राजनीतिक व खरीद फरोख्त की कहानियों को सुनाया। भाजपा शासनकाल में झारखंड में विकास कार्य हुए हैं जो आज दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के कथनी और करनी में फर्क नहीं होना चाहिए। अटल बिहारी वाजपेयी आज भी हम लोगों के प्रेरणा स्रोत हैं। अटल जी के मुरीद भाजपा ही नहीं बल्कि विपक्ष भी रहा है। यही कारण है कि हम दो सांसद से तीन सांसद तक पहुंच गए। अटल जी के सपनों को साकार करने के लिए हम सबों को अपना सामर्थ्य लगाएंगे यह संकल्प लेने का काम करना होगा। इस मौके उपरोक्त नेताओं के अलावा भाजपा जिला महामंत्री अधीरचंद्र भैया, बबलू पासवान, संतोष पासवान, रीता चौरसिया, विजया सिंह, रूपा केसरी, सचिन सुलतानिया, सोनाधारी झा, बाबूसोना श्रृंगारी, धनंजय खवाड़े, अलका सोनी,कुसुम सिंह,डा राजीव रंजन सिंह, नवल राय, ईश्वर राय, बिरजू राउत, मधुकर चौधरी, दरशथ दास, उचित राय, धीरज आनंद, संजय राय, रवि रवानी, अशोक सिंह, उमाशंकर प्रजापति, गौतम राय सहित अन्य भाजपा नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## गैस सिलेंडर में लगी आग, चार झुलसे



**देवघर ।** गैस सिलेंडर में आग लगने से एक ही परिवार के चार लोग झुलस गए। सभी को इलाज के लिए देवघर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सभी झुलसे व्यक्ति सीमावर्ती जमुई जिला के चकाई थाना क्षेत्र के चरघरा के रहने वाले हैं। घायलों में 60 वर्षीय श्यामदेव राय 25 वर्षीय पिंकी कुमारी 25 वर्षीय दिनेश कुमार 50 वर्षीय मालिया देवी के नाम शामिल हैं। घटना मंगलवार की शाम की बताई जाती है। सिलेंडर में आग कैसे लगी इसकी जानकारी देने से परिजन इनकार कर रहे हैं। घटना की जानकारी चकाई पुलिस को दे दी गई है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है

## जमीन विवाद में भिड़े दो भाई, घायल

**देवघर ।** जसीडीह थाना क्षेत्र के रोहिणी राजासार गांव में जमीन विवाद को लेकर भाई-भाई के बीच मारपीट हो गयी। इस मारपीट में दो भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों को इलाज के लिए देवघर सदर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां ऑन ड्यूटी चिकित्सक के द्वारा इलाज कर छुट्टी दे दी गई। घायल का नाम टुनटुन पासवान और मुकेश पासवान है। घटना के संबंध में टुनटुन पासवान ने बताया कि वह तीन भाई है। जमीन और घर का बंटवारा अभी तक नहीं हुआ है। जिसको लेकर वह और मुकेश पासवान दोनों भाई तीसरे भाई से बातचीत करने के लिए गए थे। उसी दौरान मनचले भाई ने लाठी - डंडे से मारपीट करना शुरू कर दिया। इस मारपीट में दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी जसीडीह थाना पुलिस को दे दी गई है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गयी है।

## 28 व 29 दिसंबर को होगा फेस्ट का आयोजन




**देवघर।** सामाजिक सरोकार में हमेशा आगे रहने वाला रॉटरी क्लब ऑफ देवघर द्वारा 28 व 29 दिसंबर को बहुप्रतीक्षित रंगारंग विंटर कार्निवाल फेट का आयोजन किया जा रहा है। इसका आयोजन स्थानीय वायरे गार्डन (वायरे मॉल के बगल) में स्थित ग्राउंड में होगा। सांस्कृतिक विविधता और आपसी सौहार्द का प्रतीक इस कार्निवाल फेट के कार्यक्रम में सभी को जश्न और मस्ती करने का अवसर प्रदान करेगा। उक्त जानकारी रॉटरी क्लब ऑफ देवघर के चेयरमैन जयप्रकाश चौधरी ने दी। श्री चौधरी ने कहा कि इस प्रकार के त्योहारों को एक साथ मनाना हमें एकजुट करता है और जीवन में खुशी का संदेश देता है। अपराह्न 3ः00 बजे से रात्रि 10ः00 बजे तक होने वाले इस उत्सव में पेंटिंग प्रतियोगिता, नृत्य प्रतियोगिता, सेक्सोफोन संगीत, प्रसिद्ध गायकों द्वारा गायन, गेम्स आदि जैसे मनोरंजन के साधन के साथ साथ चाय, कॉफी, सुरुचिपूर्ण स्नैक्स आदि के स्टॉल्स, खरीदारी के लिए आकर्षक हस्तशिल्प के स्टॉल्स, लकी ड्रॉ के माध्यम से इनामी प्रतियोगिता आदि भी हैं।

## पुण्यतिथि पर स्व. राजगोपालाचारी को दी श्रद्धांजलि

**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस सेवादल के प्रदेश उपाध्यक्ष कुमार ने पुण्यतिथि पर स्वर्गीय चक्रवर्ती राजगोपालाचारी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वे वकील ,लेखक ,राजनीतिज्ञ, दार्शनिक तथा स्वतंत्र भारत के द्वितीय गवर्नर जनरल व प्रथम भारतीय गवर्नर जनरल थे। चाहे मुख्यमंत्री का पद हो या राज्यपाल का या केंद्रीय मंत्री का या गवर्नर जनरल का अपने सिद्धांतों एवं कार्यशैली से उन्होंने कभी भी समझौता नहीं किया। उनकी राजनीति पर गहरी पकड़ थी। उनकी दूरदर्शिता एवं बुद्धिमता का लोहा कांग्रेस के सभी नेता मानते थे। भारतीय राजनीति का चाणक्य कहे जाने वाले राजा भारत रत्न पाने वाले पहले व्यक्ति थे। वे विद्वान एवं अद्भुत प्रतिभा के धनी थे। पुणे दक्षिण भारत में हिंदी के प्रचार प्रसार के लिए बहुत कार्य किए। नशाबंदी एवं स्वदेशी वस्तुओं विशेषकर खादी के प्रचार प्रसार मे उनके योगदान को महत्वपूर्ण माना जाता है।

### शहीद निर्मल महतो की जयंती पर मंत्री ने दी श्रद्धांजलि

## हमारा कर्तव्य निर्मल महतो के विचारों को आत्मसात करना है : हफीजुल हसन



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**मधुपुर ।** झारखंड के शहीद निर्मल महतो की 74वीं जयंती के अवसर पर ट्रेजरी मोड़ स्थित उनकी प्रतिमा पर झारखंड सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण एवं जल संसाधन मंत्री हफीजुल हसन ने माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान मंत्री ने कहा, यह हम सभी के लिए गर्व की बात है कि झारखंड की इस धरती ने ऐसे महापुरुष को जन्म दिया, जिन्होंने हमें एकता और अस्मिता का पाठ पढ़ाया। उन्होंने जोर देकर कहा, शहीद निर्मल महतो ने झारखंड के मूलवासियों और आदिवासियों की भावना को सहेजने के लिए अपने जीवन का बलिदान दिया। उनका नाम हमेशा झारखंड की माटी में गूंजेगा और उनकी शिक्षाएं हमारे रास्ते का मार्गदर्शन करती रहेंगी। हफीजुल हसन ने आगे कहा, झारखंड के लिए हमारा कर्तव्य है कि उनके विचारों को आत्मसात करें और जनता की भलाई के लिए तत्पर रहें। जब तक झारखंड रहेगा, तब तक शहीद निर्मल महतो का नाम अमर रहेगा.÷ इस मौके पर जेएमएम (झारखंड मुक्ति मोर्चा) के दर्जनों कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। उन्होंने भी माल्यार्पण कर शहीद को अपनी श्रद्धा अर्पित की। पूरे राज्य में इस महान नायक की जयंती बड़े उत्साह और सम्मान के साथ मनाई जा रही है, जो उनके प्रति झारखंड की जनता के सच्चे प्रेम और सम्मान को दर्शाता है।

## अटल एक जीवन नहीं, संस्कार हैं : आशीष दुबे



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष आशीष दुबे के नेतृत्व में स्थानीय टावर चौक पर भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी जयंती उनके तस्वीर पर माल्यार्पण कर लोगों के बीच मिठाई बाँटकर मनाया गया।मौके पर भाजयुमो ज़िलाध्यक्ष आशीष दुबे ने कहा अटल एक व्यक्ति नहीं.विचार है । मूल्यों और आदर्श आधारित अपनी राजनीति से भारत में विकास और सुशासन के युग की शुरुआत करने वाले जन-जन के प्रिय भारत रत्न आदरणीय अटल बिहारी बाजपेयी के अद्वितीय व्यक्तित्व,वक्तव्य, कर्तव्य और मित्रता की विरासत को आने वाली पीढ़ियां सदैव संजोकर रखेंगी। अटल बिहारी अपनी वाकपटुता, दूरदर्शिता, लोकप्रियता एवं सबको साथ लेकर चलने की भावना के लिए लोकप्रिय थे और सदैव रहेंगे।कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष सचिन रमानी,महामंत्री अधीर भैया,पूर्व बीस सूत्री उपाध्यक्ष नवल रॉय,रीता चौरसिया, मनोज सिंह, विजया सिंह, रूपा केशरी ,अलका सोनी,कुसुम सिंह,उमा गुप्ता, राजीव रंजन सिंह,नगर अध्यक्ष धनंजय खवाड़े, मनोज मिश्रा, सौरभ सुमन यादव,पवन पांडे, करण झा, लखन मंडल,दशरथ दास, अभिजीत मुखर्जी, अविनाश कुमार सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## निर्मल महतो की जयंती मनायी गयी




**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** आजसू पार्टी द्वारा ऑल झारखंड स्टूडेंट यूनियन के संस्थापक, झारखंड अलग राज्य आंदोलन में प्रमुख भूमिका निभाने वाले झारखंड आंदोलनकारी, युवाओं के प्रेरणा निर्मल महतो की जन्म जयंती पर उन्हें देवघर जिला अध्यक्ष के वार्ड 18 स्थित आवासीय कार्यालय में माल्यार्पण कर उनका जन्मदिन मनाया गया।

मौके पर आजसू पार्टी देवघर जिला अध्यक्ष आदर्श लक्ष्य द्वारा कहा गया कि ऐसे वीर दोबारा पैदा नहीं हो सकते।निर्मल महतो जी ने आदिम जनजाति आंदोलन में आंदोलनकारी के रूप में अग्रणी भूमिका निभाई। इस गोली कांड में हजारों लोगों ने अपनी बलिदान दी।निर्मल महतो ने शोषण के विरुद्ध एवं गरीबों, मजदूरों, किसानों के हक के लिए आवाज उठाई और जमीनी स्तर पर युवाओं को जोड़ने का काम किया। उन्होंने आजसू के नेताओं को आंदोलन की बारीकियां से अवगत कराने के लिए ऑल असम स्टूडेंट यूनियन की तर्ज पर ऑल झारखंड स्टूडेंट यूनियन का गठन 1987 में किया।झारखंड अलग राज्य आंदोलन के लिए कई बार तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी व तत्कालीन भारत के गृह मंत्री बूटा सिंह से दिल्ली में वार्ता की फिर जाकर झारखंड अलग राज्य का गठन हुआ, लेकिन यह दिन देखने के लिए निर्मल महतो जीवित नहीं रहे और 8 अगस्त 1987 को निर्मल महतो की हत्या कर दी गई।

## शैक्षणिक भ्रमण में खंडोली जाएंगे बेलबरना उच्च विद्यालय के बच्चे



**संवाददाता**

**देवघर/सारठ।** शैक्षणिक भ्रमण सह पिकनिक के तहत उत्क्रमित उच्च विद्यालय बेलवरना के बच्चे गिरीडीह जिले के खंडोली डैम जाएंगे। बच्चों एवं शिक्षकों की सहमति से 29 दिसंबर रविवार को खंडोली जाने की सहमति बनी। शैक्षणिक भ्रमण को लेकर बच्चों में खुशी देखी जा रही है।

विद्यालय के सहायक शिक्षक दिलीप कुमार राय ने बताया कि शैक्षणिक भ्रमण से बच्चों को काफी फायदा होता है। बच्चे बहुत कुछ देखकर सिखते हैं। अभिभावकों की अनुमति से बच्चे शैक्षणिक भ्रमण सह पिकनिक में जाएंगे। बच्चों की संख्या को देखते हुए बड़ी बस की व्यवस्था की गई है।

प्रभारी प्रधानाध्यापक विश्वनाथ पंडित ने बताया कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण से बच्चों का उत्साहवर्धन होगा। शैक्षणिक भ्रमण में सहायक अध्यापक अनिता सहाय, राजेश्वर प्रसाद सिंह,ललन कुमार साह, अंकिता सिन्हा ,गौरव पंडित, सुशांत पंडित,सोनम कुमारी,पियू कुमारी, अनुराधा कुमारी, साधना कुमारी, अनिता कुमारी,रुम्पा कुमारी,खुशबू कुमारी,श्यामसुंदर पंडित, जयनाथ कुमार, मणिकांत यादव , पिंटू मंडल समेत दर्जनों बच्चे जाएंगे।

## आग लगने से घर का सारा सामान जलकर हुआ राख

**देवघर।** जिले के कुंडा थाना क्षेत्र के मुनडाडीह गांव स्थित वचन देव पंडित के घर में आग लग गयी। देखते ही देखते आग इतनी तेजी से फैलने लगा कि घर में रखा हुआ सभी सामान जलकर राख हो गया। इसकी सूचना अग्निशामक विभाग को दिया गया। सूचना मिलते ही अग्निशामक के पदाधिकारी दमकल लेकर गांव पहुंचे और आग पर घंटे मेहनत करने के बाद काबू पाया गया। घटना के संबंध में वचन देव पंडित ने बताया कि उसका खपड़ा का मकान है। जिसमें कई कमरे हैं एक कमरे में पुआल रखा हुआ था। अचानक घर के अंदर से धुआं निकलने लगा और देखते ही देखते आग इतनी तेजी से फैली की कोई कुछ समझ नहीं पाया और घर के अंदर रखा खाद्यान्न सामान, कपड़े एवं इलेक्ट्रॉनिक सामान जलकर राख हो गया। आग लगने की करण का पता नहीं चल पाया है। फिलहाल घटना की जानकारी कुंडा थाना पुलिस को भी दे दी गई है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

**नाम परिवर्तन**

PUTUL DEVI का आधार नंबर 950837372728,पैन नंबर JTMPD7133P है। यूको बैंक अकाउंट नंबर 17020110090534, पुतुल देवी का LIC पॉलिसी नंबर 848276534 है, LIC पॉलिसी में PUTAL DEVI नाम है। जो PUTUL DEVI और PUTAL DEVI एक ही व्यक्ति का नाम है। पुतुल देवी के पति का नाम स्वर्गीय शंभू पंडित की मृत्यु 25जून 2024 को हो गई है। पता ग्राम- महादेववरन, पो व थाना- मिर्जाचौकी जिला- साहिबगंज, झारखंड ।
पिन कोड 813208

## सेवार्थ संस्था ने की वार्षिक सभा




**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** सेवार्थ की आम सभा (वार्षिक सभा)आज होटल मैग्नम के सभागार में हुई। सभा की अध्यक्षता सेवार्थ अध्यक्ष पवन कुमार टमकोरिया ने की।कार्यवाही रिक्त पदों पर निम्नलिखित लोगों का चयन किया गया। उपाध्यक्ष के 2 रिक्त पदों पर सर्वसम्मति से साधना झा एवं शैलजा झा, कोषाध्यक्ष पद पर दीपक कुमार का चयन किया गया। संयुक्त मंत्री के रुप में डॉ ज़स्नेहलता कुमारी ,संगठन मंत्री अजित पाहुजा तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी अजित केशरी एवं मानस झा का मनोनयन किया गया।

आगामी कार्यक्रम

(1) कम्बल वितरण कार्यक्रम रविवार दिनांक 05-01-2025 को राजकमल होटल में (बैद्यनाथधाम रेलवे-स्टेशन के निकट ) दिन के 1 बजे से कूपन के माध्यम से बांटे जायेंगे। करीब 350 से 400 कम्बल बांटे जायेंगे। प्रति व्यक्ति एक कूपन पर एक कम्बल दिया जायेगा। कम्बल वितरण कार्यक्रम के संयोजक सेवार्थ के उपाध्यक्ष डॉअनिल कुमार वर्णवाल होंगे। कम्बल वितरण कार्यक्रम के अन्तर्गत जरूरतमन्द लोगों के बीच पुराने वस्त्र जो अच्छी स्थिति मे हैं तथा गुड़ -चूड़ा का वितरण भी किया जायेगा । सबों को इडली-साम्बर खिलाने की व्यवस्था भी की जायेगी। (2) नये वर्ष में मिलन समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम सह वनभोज का आयोजन 12 जनवरी 2025 रविवार स्थान--दून पब्लिक स्कूल, नन्दन पहाड़ के निकट। कार्यक्रम संयोजक दीपक कुमार (3) यातायात जागरूकता कार्यक्रम दिनांक 19 -01-2025 रविवार टावर चौक के पास समय दिन के 11 बजे कार्यक्रम के अन्तर्गत हेलमेट वितरण, यातायात जागरूकता से सम्बंधित पंपलेट वितरण। नियम पालन करने वालों को मेडल एवं गुलाब फूल देकर सम्मानित करना। कार्यक्रम संयोजक-- अजित केशरी,मानस झा एवं अमित कुमार। बैठक में कई सदस्यों ने हिसाब प्रस्तुत करने की बात उठाई। नव निर्वाचित कोषाध्यक्ष दीपक कुमार से अनुरोध किया गया कि जितना जल्द संभव हो हिसाब प्रस्तुत करने का प्रयास करें। बैठक में निम्नलिखित सम्मानित सदस्य उपस्थित थे.प्रोफेसर राम नन्दन सिंह, एस पी सिंह,राम सेवक सिंह गुंजन, विशाखा सिंह, सचिव मोनिका वर्णवाल साधना झा,शैलजा झा,जगदीश मुन्दड़ा, प्रेम कुमार, प्रमेश वर्मा,गीता देवी,अजित पाहुजा,किरण देवी,अजित केशरी,मानस झा,राहुल साह, पल्लवी कुमारी, डॉ स्नेहलता कुमारी,दिलीप हिसारिया, सुप्रिया गुप्ता,नागमणि,बबलू,गोपाल मंडल,बिट्टू राय,सनी मित्रा सहित अन्य कई सदस्य अल्पाहार एवं धन्यवाद ज्ञापन के साथ सभा विसर्जित की गई।

## मधुपुर में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में उत्साह के साथ मनाया गया क्रिसमस



**संवाददाता**

**मधुपुर ।** मधुपुर के शहरी और ग्रामीण इलाकों में क्रिसमस का पर्व हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। गिरजाघरों में बुधवार को विशेष प्रार्थना सभाओं का आयोजन किया गया, जहां श्रद्धालु भारी संख्या में जुटे। कुंडू बंगला स्थित सीएनआई चर्च, भेड़वा के पीएच मिशन चर्च, लॉर्ड सिंहा रोड पर संत जोसेफ कैथलिक चर्च, राजबाड़ी रोड स्थित संत कोलंबस चर्च, शालोम चर्च, और कारमेल चर्च समेत ग्रामीण इलाकों के गिरजाघरों को खूबसूरत तरीके से सजाया गया। इस पवित्र अवसर पर देश में अमन, चैन और खुशहाली के लिए प्रार्थनाएं की गईं। भक्तों ने प्रभु यीशु के आगमन की खुशी में भजन गाए और उनकी महिमा का गुणगान किया। संत कोलंबस गिरजाघर के पास्टर अजय सिंह ने कहा, ÷प्रभु यीशु का जन्म आधी रात के सन्नाटे में दाउद के नगर में हुआ। ईश्वर का पुत्र इस दुनिया के अंधकार को मिटाने और मानव जाति को नया जीवन देने के लिए आया। पास्टर राणु सिंह ने कहा, स्वर्गदूत ने कहा था, 'डरो मत! मैं तुम्हारे लिए खुशी का समाचार सुनाता हूं। आज दाउद के नगर में उद्धारकर्ता प्रभु यीशु मसीह का जन्म हुआ है।' क्रिसमस मानव जाति के लिए शुभ संदेश लेकर आता है।÷ इस अवसर पर संत कोलंबस चर्च के सचिव अजय कुमार, राजु मसीह, मोनू हेंब्रम, श्रुटी, संजीव मंडल, और भानु समेत सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे। वहीं, सीएनआई चर्च के अध्यक्ष त्रिमूर्ति मुर्मू, सचिव संजय मुर्मू, कोषाध्यक्ष गौर मल्लिक, और डॉ. मार्गरेट सहित कई श्रद्धालु भी समारोह में शामिल हुए। पूरे क्षेत्र में क्रिसमस की खुशियां चारों ओर फैल गईं, और हर गिरजाघर प्रभु यीशु के जन्म की शुभकामनाओं से गूंज उठा।

## पिपलाटांड फुटबॉल टूर्नामेंट



**जामताड़ा।** पिपलाटांड में आयोजित प्रतिष्ठित फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में अज़हरुद्दीन ने मंत्री डॉ. इरफान अंसारी के प्रतिनिधि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने जामताड़ा के युवाओं को खेल और शिक्षा में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का आह्वान किया। अज़हरुद्दीन ने कहा, जामताड़ा के बच्चे न केवल फुटबॉल में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं, बल्कि उनमें हर क्षेत्र में आगे बढ़ने की असीम संभावनाएं हैं। मंत्री हमेशा यहां के युवाओं को प्रोत्साहित करने और उनकी प्रतिभा को आगे लाने के लिए प्रतिबद्ध रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि जिस विश्वास के साथ जामताड़ा की जनता ने तीसरी बार लगातार डॉ. इरफान अंसारी को विधायक चुना है और राज्य में हेमंत सोरेन की सरकार बनाई है, वह काबिल-ए-तारीफ है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं और अपने समाज को प्रगति की ओर ले जाएं। अज़हरुद्दीन ने यह भी आश्वासन दिया कि मंत्री डॉ. इरफान अंसारी हमेशा की तरह जामताड़ा के विकास और यहां के लोगों की भलाई के लिए समर्पित रहेंगे।

## चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने किया सदस्यता अभियान की शुरूआत



**गोड्डा ।** चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने बुधवार से अपने नए सदस्यता अभियान की शुरुआत की। इस दौरान बताया गया कि यह अभियान व्यापारियों को जीसीसीआई से जोड़ने का एक बेहतरीन अवसर प्रदान करेगा। वहीं सदस्यता शुल्क 21 सौ रुपए तय किया गया और नवीनीकरण शुल्क 11 सौ रुपए निर्धारित किया गया। जीसीसीआई की सदस्यता फॉर्म प्राप्त करने के लिए हीरालाल मंडल की दुकान (हटिया चौक), दूरभाष नंबर 8789302216, विकास औषधालय (मेन रोड), दूरभाष नंबर 9123112383, सैमसंग सर्विस सेंटर (आसनबनी चौक), दूरभाष नंबर 9155514473 इन तीन स्थानों का निर्धारण किया गया। उक्त जानकारी को प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से साझा किया गया, जिसमें जीसीसीआई के अध्यक्ष प्रीतम गाडिया, सचिव मोहम्मद कमरान, उपसचिव मोहम्मद मेहताब एवं उपसचिव विकास टेकरीवाल उपस्थित थे। जीसीसीआई का यह अभियान व्यापारियों को संगठित और सशक्त करने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। इससे अधिक से अधिक व्यापारी जीसीसीआई के सदस्य बनकर संगठन के साथ मिलकर अपने व्यवसाय को बढ़ावा देने और व्यापारिक मुद्दों को हल करने में सक्षम होंगे।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया क्रिसमस



**ठाकुरगंगटी ।** (गोड्डा) क्रिसमस के अवसर पर बुधवार को ठाकुर गंगटी प्रखंड क्षेत्र के फुलबड़ीया पंचायत अंतर्गत कुसुंबा मिशन में प्रभु यीशु का जन्म दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। फादर सिलजो और सिस्टर शशि ने जानकारी देते हुए बताया कि बीती रात्रि ही प्रभु यीशु की जन्म को मानकर बुधवार को उनका जन्म दिवस हर्षोल्लास के साथ इलाके के तमाम धर्मावलंबियों द्वारा सामूहिक रूप से मनाया जा रहा है। इस अवसर पर चर्च और मिशन के सभी अधिकारियों, कर्मियों, सहयोगियों और क्रिस्चियन धर्म को मानने वाले धर्मावलंबियों के बीच केक, पकवान, मिष्ठान सहित अन्य प्रकार की सामग्री वितरित की गई। सभी ने मिलाकर खुशी मनाई। बताया कि प्रत्येक वर्ष 24 दिसंबर की रात्रि प्रभु यीशु के जन्म को मानकर 25 दिसंबर को जन्मोत्सव मनाया जाता है।ईसाई धर्म को मानने वाले चर्च और मिशन से जुड़े तमाम धर्मावलंबियों द्वारा यह उत्सव मनाया जाता है।बताया कि इस अवसर पर एक दूसरे को बधाई भी देते हैं और अलग-अलग जगह पर एक दूसरे से मिलने भी जाते हैं। साथ मिलकर केक, पकवान, मिष्ठान आदि के साथ रुचिकर भोजन का भी लुत्फ उठाते हैं।

## वाजपेई जी की जयंती को सुशासन दिवस के रुप में मनाया गया



**गोड्डा ।** भाजपा जिला कार्यालय में बुधवार को देश के सच्चे सपूत और करोड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं के प्रेरणा स्रोत एवं भारत रत्न से सुशोभित देश के पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेई जी की जयंती को सुशासन दिवस के रुप में मनाया गया। जयंती के अवसर पर पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई जी के तस्वीर पर पुष्प और माला अर्पित कर सबों ने नमन किया और उनके उत्साह वर्धन संदेश, गीत और कविताओं को माध्यम से सभी वक्ताओं ने अपनी बातों को रखा। उक्त कार्यक्रम में प्रभारी के रुप में मुख्य अतिथि के रूप में राजमहल के पूर्व विधायक अनंत ओझा की गरिमामई उपस्थिति के साथ भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव मिश्रा, दोनों महामंत्री कृष्ण मुरारी चौबे, राजेश टेकरीवाल, जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मी चक्रवर्ती, लालबहादुर सिंह, जिला मीडिया प्रभारी बिमंत कुमार, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अधिवक्ता अजीत सिंह, अतुल दूबे, परमानंद गुप्ता, सहायक मीडिया प्रभारी प्रीतम गाड़िया, जिला कोषाध्यक्ष राजेश भगत, जिला मंत्री नीतीश सिंह, रामनरेश यादव युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष सौरभ सुमन, भाजपा नेता संजीव टेकरीवाल, जीतू सिंह, आरती महतो, मिथलेश झा, विक्की साह, नगर अध्यक्ष शिवराम जायसवाल, जयशंकर सिंह, प्रेमजीत साह, श्रीकांत साह, मणिकांत महतो उर्फ श्रवण महतो मंडल अध्यक्ष, भाजपा नेता सुभाष यादव, सहायक मीडिया प्रभारी अभिषेक मंडल आदि उपस्थित थे। उक्त कार्यक्रम में अटल बिहारी वाजपेई जी के जीवन से उनके सभी प्रदर्शनी को रखा गया था। वहीं कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अनंत ओझा को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया और वरिष्ठ भाजपा नेता अतुल दुबे और परमानंद गुप्ता को भी पूर्व विधायक अनंत ओझा ने अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। वहीं भाजपा जिला महामंत्री राजेश टेकरीवाल को गोड्डा जिला अटल बिहारी वाजपेई जी के जन्म शताब्दी के जिला संयोजक बनाए गए हैं।

## भाजपाइयों ने मनाईअटल बिहारी बाजपेई की जयंती



**संवाददाता** नाला (जामताड़ा)-- सुशासन दिवस पर भाजपाइयों ने नाला इंटर कॉलेज में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेई की जयंती मनाई। इस अवसर पर कार्यक्रम का नेतृत्व शक्ति केंद्र के संयोजक विजय सिंह ने की। इस अवसर पर पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेई के चित्रपट पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित की। इस दौरान सबों ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला साथ ही उनके बताए हुए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। मौके पर काजल बाउरी,विपद वरण घोष, कमल रजक,चंचल खां सहित भारतीय जनता पार्टी के अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# जीपीएल सीजन -11 नंदन वॉरियर्स ने गोड्डा ब्लास्टर को 4 विकेट से किया पराजित

**संवाददाता**

**गोड्डा ।** जिला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में आयोजित गोड्डा प्रीमियर लीग में बुधवार के पहले मुकाबले में नंदन वॉरियर्स ने पूर्व चैंपियन गोड्डा ब्लास्टर को 4 विकेट से पराजित कर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। टॉस जीतकर नंदन वॉरियर्स के कप्तान उत्तम झा ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। वहीं पहले बल्लेबाजी करते हुए गोड्डा ब्लास्टर ने 7 विकेट के नुकसान पर 137 रन का स्कोर खड़ा किया। गोड्डा ब्लास्टर के कप्तान ऋषिकांत ने एक और बेहतरीन पारी खेलते हुए 49 गेंद में 65 रन बनाया।गुफरान ने 3 विकेट प्राप्त किया। जवाबी पारी में नंदन वॉरियर्स के कप्तान उत्तम झा के कप्तानी पारी 39 रन, आयुष के 31 रन एवं वैभव यादव के 23 रन की बदौलत 18 ओवर 4 गेंद में 6



विकेट के नुकसान पर 138 रन बनाकर 4 विकेट से मैच जीत लिया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मोहम्मद गुफरान अंसारी को भारत भारती पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर प्रलय सिंह के द्वारा दिया गया।दूसरे मैच में गोड्डा टाइगर्स ने रोमांचक मुकाबले में एसआरके म्यूजिक को 13 रन से पराजित कर सेमीफाइनल में अपना स्थान पक्का किया। वहीं टॉस जीत कर गोड्डा टाइगर्स के कप्तान सिद्धार्थ ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया जिसके बाद पूरी टीम सिर्फ 89 रन पर ऑल आउट हो गई।

दिव्यांशु दुबे ने अकेले एक साइड से खड़े होकर 43 रन की पारी खेली। वहीं एसआरके म्यूजिक के कप्तान मिथुन ने 3, मोहित सिंह ने 3 एवं निक्शन ने 3 विकेट प्राप्त किया। जवाबी पारी में एसआरके म्यूजिक की टीम आसान से लक्ष्य को भी पार नहीं कर पाई और केवल 76 रन पर ऑल आउट हो गई। मोहित सिंह ने सर्वाधिक 17 रन की पारी खेली। विकाश सिंह राजपूत ने 3 विकेट प्राप्त किया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार विकाश सिंह राजपूत को जेएससीए के अंपायर आलोक राजहंस के द्वारा दिया गया।

कमेंट्री मोहम्मद किरमान अंसारी एवं सुरेंद्र कुमार के द्वारा किया गया।

अंपायर की भूमिका में इफ्तेखार शेख, आलोक राजहंस एवं स्कोरर की भूमिका में ज्ञान रंजन उपस्थित थे। इस अवसर पर क्रिकेट संघ के सदस्य अमित बोस, शिवशंकर पंडित, सीताकांत कुशवाहा, संजीव कुमार, सनोज कुमार, मुकेश मंडल, अजीत कुमार, सरोज कुमार, अंजन, सुजीत कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

## राज्य युवा महोत्सव के समूह नृत्य का तीसरा पुरस्कार गोड्डा को




**गोड्डा ।** रांची में आयोजित राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में दुमका प्रमंडल का प्रतिनिधित्व करने वाली गोड्डा की पी एंड डी डांस एकेडमी ने दल नायक प्रेमचंद महतो की अगुवाई में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से तीसरा स्थान प्राप्त कर गोड्डा जिला सहित समस्त प्रमंडल को गौरवान्वित किया है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए जिला कला - संस्कृति संयोजक सुरजीत झा ने बताया कि दुमका में आयोजित प्रमंडलीय स्तरीय युवा महोत्सव में लोक समूह नृत्य प्रतियोगिता का विजेता बनकर गोड्डा की टीम ने रांची में आयोजित राज स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लिया था। इस बड़ी उपलब्धि पर अनुमंडल पदाधिकारी बैद्यनाथ उरांव एवं जिला खेलकूद एवं कला - संस्कृति पदाधिकारी डॉ. प्राण महतो सहित अन्य कला प्रेमी गणमान्यों में आलोक ठाकुर, डॉ. अजीता, मनीष कुमार सिंह, मो. आफताब आलम, मिथिलेश कुमार, वैष्णवी पाण्डेय आदि ने खुशी व्यक्त करते हुए दल को बधाई दी है।

## नेशनल नेटबॉल प्रतियोगिता के लिए गोड्डा की टीम चेन्नई रवाना



**गोड्डा ।** चेन्नई में आयोजित 30वां राष्ट्रीय स्तर नेटबॉल प्रतियोगिता के लिए बुधवार को झारखंड टीम का प्रतिनिधित्व करने के लिए गोड्डा रेलवे स्टेशन से खिलाड़ी रवाना हुए। वहीं बताया गया कि 30वां राष्ट्रीय स्तर सब जूनियर नेटबॉल प्रतियोगिता तमिलनाडु के चेन्नई में आयोजित है जिसमें बालिका वर्ग में मुस्कान कुमारी, दीपिका कुमारी, प्रीति कुमारी, रोमा कुमारी, चंचल कुमारी, आफरीन, श्वेता कुमारी शामिल हैं। वहीं बालक वर्ग में अंकित कुमार, राहुल कुमार, मुन्ना ठाकुर, उज्जवल कुमार, चैतन्य कुमार, देवराज एवं अनंत सोरेन शामिल हैं। टीम कोच मोनालिसा कुमारी ने बताया कि चेन्नई में आयोजित 30वें राष्ट्रीय स्तर का सब जूनियर नेटबॉल प्रतियोगिता जो दिनांक 28 दिसंबर 2024 से 31 दिसंबर 2024 तक आयोजित है इसके लिए खिलाड़ी रवाना हो रहे हैं। वहीं टीम मैनेजर प्रतीक झा टीम के साथ हैं। इस मौके पर संघ के उपाध्यक्ष बैद्यनाथ देहरी एवं संघ के सदस्य शक्ति कुमार उपस्थित थे।

## शहीद निर्मल महतो की जयंती मनाई गई



**मिहिजाम।** स्थित निर्मल महतो चौक में झामुमो के कार्यकर्ताओं द्वारा शहीद निर्मल महतो की 74वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर झामुमो के जिला उपाध्यक्ष प्रो कैलाश साव मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम में शहीद निर्मल महतो की प्रतिमा पर बारी-बारी से माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस अवसर पर झामुमो के जिला उपाध्यक्ष प्रो कैलाश साव ने कहा कि प्रत्येक साल झामुमो कार्यकर्ता शहीद निर्मल महतो के शहादत दिवस को मनाते हैं, लेकिन इस वर्ष पहली बार उनकी जयंती मनाने की शुरुआत की गई है, जो आने वाले समय में भव्य रूप से मनाई जाएगी। उन्होंने शहीद निर्मल महतो के जीवनी पर प्रकाश डाला और उनके योगदान को याद किया। शहीद निर्मल महतो एक महान नेता और समाज सेवक थे, जिन्होंने अपने जीवन को समाज की सेवा में समर्पित किया था। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे और उन्होंने शहीद निर्मल महतो की जयंती को मनाने में भाग लिया। मौके पर कमेश्वर तिवारी, सलिल रमन, विष्णु देव मुर्मू, महेंद्र टुड्डू, किंकर राय, इरशाद आलम, मदन मरांडी, सूरज रवानी, राशिद रहमान, आसिफ, रवी, इमरान, राहुल, कुंदन, सुबोध, अमन, धर्मेंद्र, रॉबिन, राहुल, राजेश, सुलेंद्र साव, इम्तियाज, कारू यादव, कैलाश पंडित, राजू सिंह के अलावा की संख्या में झामुमो के कार्यकर्ता एवं अन्य लोग मौजूद थे।

## तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन



**पोड़ैयाहाट ।** प्रखंड अंतर्गत सोनडीहा पंचायत के समाजसेवी स्वर्गीय सुदर्शन मंडल के पांचवी पुण्यतिथि के अवसर पर तीन दिवसीय सुदर्शन मंडल फुटबॉल प्रतियोगिता के दूसरे दिन का खेल उद्घाटन समारोह में आमंत्रण पर मुख्य अतिथि के रूप में राजेश मंडल, केंद्रीय समिति सदस्य सह पूर्व जिला झारखंड मुक्ति मोर्चा समिति के अध्यक्ष उपस्थित हुए। सर्व प्रथम मुख्य अतिथि के साथ गणमान्य अतिथि ने सुदर्शन मंडल के चित्र पर पुष्प अर्पित किया। फुटबॉल प्रतियोगिता सोनडीहा फ़िलबॉल मैदान में आयोजित किया गया है। दूसरे दिन का खेल कुरमन एवं नायाबाद ग्राम के फुटबॉल टीम के खिलाड़ियों से परिचय के उपरांत फुटबॉल किक मारकर मुख्य अतिथि राजेश मंडल ने किया। दूसरे दिन के खेल उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि राजेश मंडल के साथ साथ वरिष्ट झामुमो नेता नील रंजन वर्मा, गोड्डा जिला खेल समारोह के प्रणेता सुरजीत झा, सोनडीहा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि गोपाल यादव, सौंडीक संघ अध्यक्ष अंगद प्रसाद, आलोक मंडल, अश्वनी आनंद, समाज सेवी मनोज कुमार उर्फ पप्पू आदि के साथ-साथ सैकड़ों स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे।

## डीएवी पब्लिक स्कूल में क्रिसमस डे पर कार्यक्रम आयोजित




हनवारा संवाददाता ~ ऊर्जानगर के डीएवी पब्लिक स्कूल में क्रिसमस दिवस पर बुद्धवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों ने सांता क्लाज का आकर्षक ड्रेस पहनकर कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान बच्चों ने अपनी प्रतिभा से क्रिसमस ट्री और प्रभु यीशु के जन्म से संबंधित आकर्षक चरनी बनाया। इस मौके पर बच्चों ने जिंगल बेल.. जिंगल बेल गीत पर जमकर झूमे। कार्यक्रम में प्राचार्य एस0 के0 श्रीवास्तव ने बताया कि क्रिसमस पर्व प्रेम और शांति का प्रतीक है। क्रिसमस पर्व को प्रभु यीशु के जन्मदिन की याद में मनाते है। कहा कि प्रभु यीशु मसीह का जीवन प्रेम करुणा और सेवा का संदेश देता है। इस मौके पर बच्चों के बीच टॉफी व उपहार का वितरण किया गया। इस अवसर पर सुमन कुमार पंडित, मधुमाला कुमारी, वंदना जायसवाल, पूनम कुमारी, प्रीति कुमारी, एस एस मुर्मू, रणजीता तिवारी, संस्कृति कुमारी, स्मृति कुमारी सहित अन्य बच्चे मौजूद थे। इधर महागामा प्रखंड क्षेत्र में क्रिसमस पर्व को लेकर लोगों में उत्साह का माहौल रहा। क्रिसमस को लेकर बीती रात से ही लोगों में उल्लास छाया रहा। गिरजाघरों में ईसाई धर्मावलंबियों का तांता लगा रहा। गिरिजाघरों में लोग सामूहिक प्रार्थना सभा में शामिल हुए और प्रभु यीशु के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। लोगों ने एक दूसरे को केक खिलाकर क्रिसमस की बधाई दिया।

## भाजपाइयों ने अटल बिहारी की जयंती मनाई



कुंडहित (जामताड़ा)बुधवार को कुंडहित कुंडहित में भाजपाईयों ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100 वीं जयंती धुमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भाजपा के नाला विधानसभा प्रत्याशी सह वरिष्ठ नेता माधव चंद्र महतो, कुंदन गौस्वामी रवि वाद्यकर, गया प्रसाद मंडल जगबंधु घोष सहित दर्जनों कार्यकर्ता अटल बिहारी वाजपेयी जी की चित्रपट पर पुष्पाजंलि अर्पित की। मौके पर नाला विधानसभा के प्रत्याशी सह वरिष्ठ नेता माधव चंद्र महतो ने कहा वाजपेयी का जन्म 25 दिसम्बर 1924 में मध्य प्रदेश के ग्वालियर में हुआ था और वह तीन वार देश के प्रधानमंत्री चुने गये।उन्होंने कहा स्वं0 वाजपेयी के जंयती पर सुशासन दिवस के रुप में मनाया जाता है। सुशासन दिवस का उद्देश्य सरकार में जवाब देही के प्रति जागरूकता पैदा करना । उन्होने कहा उनके जीवन से प्रेरणा लेकर अपने कर्तव्य का पालन करना चाहिए। मौके पर उक्त नेताओं के अलावे कुंदन गोस्वामी, रवि वाद्यकर ,जगाबंधु घोष विपदाग्रस्त वरण खां, अन्ना गोपाल मंडल, मितु मंडल, गणेश धीवर आदि दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## 25 साल बेमिसाल कार्यक्रम के तहत कंबल वितरित



**गोड्डा ।** झारखंड राज्य कुश्ती संघ की स्थापना के रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य पर झारखंड राज्य कुश्ती संघ से प्राप्त निर्देश के आलोक में गोड्डा जिला कुश्ती संघ द्वारा इस वर्ष प्रति माह कोई - न - कोई आयोजन या गतिविधि के माध्यम से सिल्वर जुबली सेलिब्रेशन किया जा रहा है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए जिला कुश्ती संघ सचिव सुरजीत झा ने बताया की इसी कड़ी में बुधवार शाम स्थानीय लोहिया नगर स्थित झुग्गियों में रहने वाले जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला कुश्ती संघ सचिव सुरजीत झा एवं उपाध्यक्ष अखिल कुमार झा के अलावा झुग्गी को गोद लेने वाली संस्था समर्थ सेवा क्लब की पूनम रंजन, रूपम झा, पुतुल देवी, सौरभ कुमार एवं शांभवी भारद्वाज उपस्थित थे। सचिव श्री झा ने बताया कि रजत जयंती वर्ष समारोह के तहत इसके पूर्व जनवरी में पेंटिंग्स कंपीटीशन, फरवरी में वॉकथन, मार्च में बाइकथन, अप्रैल में सुबह - सबेरे पाठशाला के जरूरतमंद बच्चों के बीच पाठ्य - सामग्री का वितरण, मई में स्वामी विवेकानंद अनाथ सुरक्षा आश्रम के बच्चों के बीच पाठ्य - सामग्री का वितरण, जून में माह - व्यापी पेयजल सेवा, जुलाई में सेवादार - सम्मान समारोह, अगस्त में प्रतिभावान पहलवान सम्मान समारोह, सितंबर में रजत जयंती महिला कुश्ती प्रतियोगिता, अक्टूबर में झुग्गी के बच्चों के बीच पठन एवं खाद्य सामग्री का वितरण तथा नवंबर माह में जिला कुश्ती प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया।

## गोड्डा हाईस्कूल के 1978 बैच के पूर्ववर्ती छात्रों नें रीयूनियन कार्यक्रम आयोजित किया



**गोड्डा ।** वर्तमान में सी एम स्कूल आफ एक्सीलेंस कहे जाने वाले विद्यालय जो पूर्व में गोड्डा हाई स्कूल के नाम से जाना जाता था, के साल 1978 बैच से पास आउट मैट्रिक के छात्रों ने बुधवार 25 दिसंबर को एक रीयूनियन कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें बड़ी संख्या में देश के विभिन्न प्रांतों में रह रहे 1978 बैच के पास आउट हुए सभी पुराने छात्रों ने हिस्सा लिया। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित सभी पासआउट छात्रों की श्रीमतियों को मंच पर आमंत्रित किया गया एवं सबों से एक-एक मोमबत्तियां जलवाई गई और कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान पूर्ववर्ती छात्रों में से बीते दिनों दो छात्रों के निधन पर शोक व्यक्त किया गया साथ ही सभी ने दो मिनट का मौन रख कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।वहीं बताया गया कि कार्यक्रम में उपस्थिति लोगों में बड़ी संख्या में लोग अवकाश प्राप्त भी कर चुके हैं। जिसमें गुजरात में ओएनजीसी के चीफ जनरल मैनेजर रह चुके राजीव कुमार, नॉर्थ ईस्ट के असम में रह चुके न्यायाधीश विकास कुमार, एनटीपीसी छत्तीसगढ़ में चीफ जनरल मैनेजर के पद पर रह चुके राजीव सत्यकाम, बिहार के कमर्शियल टैक्स कमिश्नर रह चुके हीरा सहित दर्जनों पूर्ववर्ती छात्रों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया एवं यहां विभिन्न तरह के कल्याण कार्य करने की इच्छा जताई। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रांची के प्रख्यात किडनी विशेषज्ञ डॉक्टर अशोक कुमार वैद्य एवं इंडस्ट्री ऑफिसर सुशील कुमार बरीयार आदि ने भी कार्यक्रम में हिस्सा लिया। बड़ी संख्या में इन पूर्ववर्ती छात्रों के परिवार के सदस्यों, नाती-नतनी, पोते-पोतियों ने भी हिस्सा लिया।प्लस टू हाई स्कूल के 1978 के पूर्ववर्ती छात्रों के समूह द्वारा कुछ दिनों पहले एक मेगा हेल्थ कैंप का भी आयोजन किया गया था जिसमें सैकड़ों छात्र, छात्राएं, शिक्षक, शिक्षिकाओं आदि ने अपने स्वास्थ्य का परीक्षण कराया था। 1978 बैच के पूर्ववर्ती छात्रों द्वारा प्रति वर्ष प्लस टू स्कूल में कार्यक्रम एवं मिलन समारोह आयोजित किए जाते हैं जिसमें 50 से ज्यादा पूर्ववर्ती छात्र सम्मिलित होते हैं। वहीं पूर्ववर्ती छात्रों में अब्दुल कलाम, गणेश यादव, गणेश पंडित, रघु पंडित, गोपाल पंडित, स्नेहाशीष सरकार, इबरार, रंजन कुमार, फोनी चौधरी, कौशल किशोर दुबे के साथ अन्य सहपाठी शामिल थे। सबों ने तरह-तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी मजा लिया।

## बाल मजदूरी, साइबर फ्रॉड व नशा उन्मूलन को लेकर विशेष शिविर का हुआ आयोजन



**गोड्डा ।** झालसा की ओर से आयोजित 90 दिवसीय विशेष जन जागरुकता अभियान के तहत बुधवार को सदर प्रखंड के रंगमटिया गांव में बाल मजदूरी, साइबर फ्राड व नशा उन्मूलन का विशेष विधिक शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से गठित टीम में शामिल अधिकार मित्र सह पीएलवी नवीन कुमार, सुशील कुमार, बासुदेव मणीनंदन कुमार आदि ने ग्रामीणों को विविध जानकारी दी। इस दौरान बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। कहा कि बाल मजदूरी अभिशाप है और बच्चों से मजदूरी करवाना पाप है। सरकार हर हाथ में किताब देखना चाहती है, न कि फावड़ा और कुदाल। इस अधिनियम के तहत 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से कार्य लेना सामाजिक कुरीति ही नहीं कानूनन अपराध है।इसके लिए दोषी नियोजकों को दो वर्ष कारावास व 30 हजार रूपये जुर्माना की सजा का प्रवधान है। बाल श्रम की रोकथाम को लेकर जन जागरुकता की जरुरत है। वहीं साइबर ठगी के बारे में भी जानकारी दी गई। कहा कि अपना आधार, मोबाइल, एटीमए आदि का विवरण किसी के साथ शेयर नहीं करें। इसके प्रति सावधनी बरतें। कहा कि नशा उन्मूलन के लिए जगह- जगह इलाज की व्यवस्था की जा रही है। वहीं पुनर्वास की भी व्यवस्था है। बावजूद नशा उन्मूलन की दिशा में समाज को संकल्प लेने की जरुरत है। इस अवसर पर दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## लोगों को दी गयी विधिक जानकारी



**फतेहपुर।** बुधवार को नालसा एवं झालसा के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष एवं सचिव के मार्गदर्शन पर फतेहपुर प्रखंड के अंतर्गत डूमरबांक डुमरिया ग्राम में विधिक जागरूकता का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित पीएलबी अमित कुमार मंडल एवं प्रभास हेंब्रम के द्वारा नालसा एवं झालसा के तहत मिलने वाले निशुल्क विधिक सहायता के बारे में लोगों को अवगत किया गया। जैसा कि बाल विवाह, दहेज प्रथा, यौन शोषण, बाल मजदूरी, बाल तस्करी आदि के बारे जानकारी दिया गया। साथ ही लोगों को जागरुक कर बताया गया कि समाज में डायन कहने वाले पर मुकदमा दायर कर सकते हैं और टॉल फ्री नं 181 पर अपना आवेदन दर्ज करा सकते हैं।

## किसान मोर्चा ने निकाली रैली




कुंडहित (जामताड़ा)संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा आहूत राष्ट्र व्यापी आंदोलन के तहत वुधवार को कुंडहित प्रखंड के सोनाचोरा गांव में जामताड़ा किसान काउंसिल के अध्यक्ष लखी सोरेन के नेतृत्व में स्थानीय किसानों के द्वारा एक विरोध प्रदर्शन किया गया। जिसमें मुख्य मांगे थे- ग्रेटर नोएडा में लंबे समय से चल रहे किसान आंदोलन- आमरण अनशन की मांग को पूरा करने ,आंदोलनकारी किसानों पर लगाए गए फर्जी मुकदमे वापस लेने, एसपी पर गारंटी कानून बनाने , घोषित एसपी 24 प्रति किलो की दर से धान खरीदने की गारंटी देने के साथ-साथ संसद में भीमराव अंबेडकर का गृह मंत्री द्वारा अपमान के लिए इस्तीफा देने आदि मांग प्रमुख है । कार्यक्रम में काफी संख्या में स्थानीय किसान मौजूद रहे। जिसमें मुख्य रूप से लखीराम मुर्मू ,रिपन मिर्धा, सुनीता मिर्धा, कारण टुडू ,आदेश मिर्धा आदि उपस्थित रहे।

## बेहतर स्वास्थ्य सुविधा एवं टीकाकरण हमारी प्राथमिकता है --प्रभारी डॉ लियाकत

नाला (जामताड़ा)-- समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर लियाकत अंसारी ने बुधवार को नाला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के कार्यालय कक्ष में चिकित्सा पदाधिकारी तथा अन्य स्वास्थ्य कर्मियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य व्यवस्था को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से सभी चिकित्सा पदाधिकारी तथा स्वास्थ्य कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस क्रम में उन्होंने सभी स्वास्थ्य इंडिकेटर की प्रगति समीक्षा की।इस दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की प्रगति समीक्षा की। इस दौरान एलसीडीसी, फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम, संस्थागत प्रसव, टीकाकरण, एएनसी आदि की प्रकृति समीक्षा की तथा लक्ष्य को पूरा करने का निर्देश दिया गया 7उन्होंने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य सुविधा एवं टीकाकरण हमारी प्राथमिकता है। इस अवसर पर डॉ0 रामकृष्ण बाबु, बीपीएम जितेंद्र कुमार पप्पु,सीएचओ रमन शर्मा, एमटीएस अहमद रेजा परवेज, एएनएम रेणु

# पाकिस्तानाक् हवाई हमला रे 15 हो़ड़को गो़च्एन तेय रांगावेन अफगानिस्तान दो़य मेन केदा- तेला एमाय होयोक्आ

खोबोरिया

**काबुल।** अफगानिस्तान रेयाक् पक्तिका पो़नो़त रेयाक् बरमल जिला रे पाकिस्तानाक् हमला रे मायजीउ आर गिदरा़को सांवते को़म से को़म 15 हो़ड़को गो़च् आकाना। गोच्एन हो़ड़ाक् लेखा दो़ ढेरोक् रेयाक् सो़न्दहो़ मेनाक् आकादा। नोआ हमला ते रांगावाकान अफगानिस्तान दो़ पाकिस्तान तेला रूवा़ड़ाय रेयाक् धमकीय एम आकावादेया। खो़बो़र साकाम डॉन दो़ सुरक्षा अधिकारीकोवाक् काथा ला़ई तुलुच्ए मेन केदा जे पाकिस्तान फाइटर जेट्स दो़ बालेमाहां हिलोक् ञिन्दा़ अफगानिस्तान रेयाक् पूर्वी टोठा रेयाक् पक्तिका टोठारेयाक् तहरीक-ए-तालिबान रेयाक् पोनया जायगा रेको बमबारी केदा। नोआ रे आयमा हो़ड़को गो़च् आकाना आर आयमा दो़को घा़ल आकाना। हें मेनखान पाकिस्तान दो़ आधिकारिक रूप रे अफगानिस्तान रेयाक् पूर्वी टोठा रेयाक् पक्तिका टोठा रेयाक् तहरीक-ए-तालिबान रेयाक् पोनया जायगा रेको बमबारी केदा। नोआ रे आयमा हो़ड़को गो़च् एना आर आयमा दो़को जो़खो़म आकाना। हें मेनखान पाकिस्तान सेच् खो़न आधिकारिक रूप रे एयर स्ट्राइक काथा दो़ बाको पुस्टाउ आकादा। पाकिस्तान फाइटर जेट्स दो़ 24 दिसंबर हिलोक् ञिन्दा़ अफगानिस्तानरेयाक् ओकाको टोठाको दाम-दा़सिर आकादा, ओना रे पक्तिका पो़नो़त रेयाक् बरमल जिला रे मायजीउ आर गिदरा़को सांवते को़म से को़म 15 हो़ड़को गो़च् आकाना। हमला रे दाम-दा़सिर आकान आतो रे लामन हों सेलेत् मेनाक्आ आर से नो़ते मित् घारो़ंज रेन गे मोंड़ें हो़ड़को गो़च् आकाना। बरमल रेयाक् मुर्ग बाजार आतो दो़ पुरा़पुरी नो़स्टो़ उता़राकाना आर आयमा हो़ड़ हों हमला रेको घा़ल आकाना। तालिबान रेन रक्षा मंत्रालय दो़ हमला काथा मो़ंज बाङमेतावात् तुलुच्ए मेन केदा जे पाकिस्तान रेयाक् बर्बन हवाई हमला रेयाक् तेला दो़ एमावाया। मंत्रालय सेच् खो़न मेन आकाना जे मिमित्



अंतरराष्ट्रीय का़नून साहा काते नोआ हमला दो़ होय आकाना। नोआ बाङ काते पाकिस्तान दो़ नोआ हुदिस लेककान ताया जे नोआ हमला ते जाहांन उपा़ई दो़ बाङ ओडोको़क् ला़गित्। पारो़मेन चान्दो रे पाकिस्तान आर अफगानिस्तान ताला रे रांगा-रा़ंगी सा़गा़ई ताहेंकान रे हों पाकिस्तान ताजा हमला, बानार दिसा़म ताला रे चालाक्कान झोगड़ा़ दो़य ढेर दाड़ेयाक्आ। पाकिस्तान दो़ दो़सेलादेयेत् काना जे अफगानिस्तान रे तालिबान दो़ नोको आतंकवादीकोय सुतुक् इदियेत्कोआ आर से नो़ते अफगान तालिबान दो़ नोआ लादे आकादेदो़स आ़उड़ियाक्ए मेतावाक् काना।

## नापारा स्कूल तेय सेटेरेना आर्मी रेन अधिकारी, गिदरा़कोय हा़टिञात्कोआ सिरोपा

खोबोरिया

**रामगढ़।** दी रिकॉर्ड्स, पंजाब रेजिमेंटल सेंटर रेन अधिकारी दो़ आपनार घारो़ंज रेन सालाक् ते सा़गुनमाहां हिलोक् आवासीय दिव्यांग विद्यालय सुकरीगढ़ तेय सेटेरेना। नोआ दाड़ांन दो़ गिदरा़को सालाक् ते सो़मो़य खेमाव ला़गित् ताहेंकाना। नोआ ताला रे नापारा गिदरा़को ताला रे गातेक् किट आर किचरिच्, सिरोपा रूप रेय हा़टिञात्कोआ। नोंडे आयमा लेकानाक् मो़ंज-मो़ंजाक्को ओराम केदा। दी रिकॉर्ड्स, पंजाब रेजिमेंटल सेंटर घारो़ंज आर गिदरा़ दो़ स्कूल रेन गिदरा़ सालाक् तेय गालमाराव केदा आरे गातेयेना आर मित्जुटोक् रेयाक् हुदिसे जोरादा। सोंगे ते दाका जो़म तायो़म जो़तो़ का़मीहोरा मुचा़त् एना। नोआ ताला रे गिदरा़को रे आ़डी रा़सका़ आर जोस ञेल एना।



## बैंक आर एटीएम रे जा़रूड़ो़क् लेखा रे सीसीटीवी आर ट्रेंड गार्ड बा़नुक्कोआ

खोबोरिया

**रामगढ़।** रामगढ़ जिला रे कोमबड़ो आर झुटया़उ रेच् रेयाक्घो़टना चाबाय होयोक् खान दो़ जो़तो़ प्रतिष्ठानको रे हाई क्वालिटी रेयाक् सीसीटीवी कैमरा होयोक् लेक काना जेमो़न कुरमुता़हाकोसांव-सांवते ओना गा़डी हो़ंको पाछनाव दाड़ेयाक्, ओकाटाक् ते दो़ ओनकोको दा़ड़ेत् काना। मेनखान रामगढ़ रे जाहां तिना़क् गे बैंक आर एटीएम मेनाक् आकादा, ओन्डे बाङ दो़ ढेर सीसीटीव कैमरा गेको लागाव आकादा आर बाङ दो़ ओना रेयाक् क्वालिटी गे मेनाक् आकादा।

नोआ मामला दो़ नित रामगढ़ जिला प्रशासन दो़ आ़डी गा़हिर सालाक्एहाताव आकादा। मित् सेच् ते रामगढ़ एसपी अजय कुमार होतेते जो़तो़दुकानको चिठी ओ़ल काते लेकमान लेखा रे एचडी सीसीटीवी कैमरा लागाव रेयाक् हुकुम जा़रीयाकात्कोआ। दोसार सेच् रामगढ़ एसडीओअनुराग कुमार तिवारी हों बीएनएसएस रेयाक् धारा 163 ता़री रेनिर्देशे जा़रीयाकादा। नुकिन बानार अधिकारीयाक् बातलाव लेका रे रामगढ़ थाना प्रभारी कृष्ण कुमार दो़ मित्टेन चिठी जो़तो़ बैंक प्रबंधक, बैंक रेन प्रबंधक, ज्वेलेरी शॉप मालिक, पेट्रोल पंप मा़लिक, होटल चाक्लावको, रेस्टोरेंट चाक्लावको,



सिनेमा हॉल चाक्लावको, पा़उरा़ दुकान चाक्लावको, लैट, हाउसिंग सोसाईटी,पेड पार्किंग मा़लिक, निजी अस्पताल चाक्लावको, अस्पताल प्रबंधक, मॉल प्रबंधक, रान दुकान रेन मा़लिककोकिन जा़रीयाकात्कोआ।

रामगढ़ थाना प्रभारी कृष्ण कुमार दो़य ला़ई केदा जे बैंक, एटीएम,ज्वेलरी शॉप, पेट्रोल पंप, होटल, रस्टोरेंट, सिनेमा हॉल, पा़उरा़दुकानको, मल्टी स्टोरी लैट, हाउसिंग सोसाईटी, बस स्टैण्ड, पेड पार्किंग, निजी अस्पताल, मॉल्स, रान दुकानको रे जा़रूड़ो़क् लेखारे सीसीटीवी कैमरा दो़ बा़नुक् आकादा। ओना इया़ते कुरमुता़हाको पाछनावको रे आ़डी मुसकिल होयोक् काना आर हो़ड़बांचावको रे हों मुसिकलाक् जानामो़क् काना।

प्रभारी दो़ सा़गुनमाहां हिलोक्ए मेन केदा जे प्रतिष्ठानको रे मो़ंज क्वालिटी रेयाक् कैमरा दो़ जा़रूड़ो़क् लेखा रे प्रतिष्ठान भितरीआर बाहरे रे को़म से को़म मोंड़ें गो़टेच् कैमरा बाहरे सो़ड़ो़क आर पार्किंग रेयाक् जायगा रे होयोक् लेक काना। नोआरे गा़डी रेयाक् रजिस्ट्रेशन नंबर रीड दाड़ेयाक्। उनी दो़य ला़ईकेदा जे बैंक आर एटीएम रे ट्रेंस सुरक्षा गार्ड हों दो़हो़ आकात्कोआ।

ओना इया़ते कुरमुता़हा दो़ बेबो़तो़र ओ़न्डेकोहिजुक् काना आर घो़टना कोराव कातेको चालाक् काना। जाहां तिना़क् गे घा़ट का़मी होय आकाना ओन्डे बैंक आर एटीएम रेनसुरक्षा गार्ड दोत्र जाहां लेकानाक् एक्शन हाताव तुलुच् दो़ बाको ञाम आकाना। ओनको दो़ एकेन ओन्डे ञेल ओचोक् ला़गित्को ताहेंन काना। ओना इया़ते ओनकान प्रतिष्ठानको दो़ बातलाव आकात्कोआ जे ओनको दो़ इतुन हामेट आकात् सुरक्षा गार्ड गेको दो़हो़कोमा।

## पैराखोप रे उद्यान विभाग सेच् खो़न चा़सीको हा़टिञात्कोआ इता़

खोबोरिया

**नाला।** कृषि पशुपालन सहकारिता विभाग झारखंड सरकार दाराय ते उद्यान विभाग सेच् खो़न सा़गुनमाहां हिलोक् चा़सीको ताला रे इता़ हा़टिञ का़मीहोरा ओरामेना। बाडाय काथा काना जे दलाबड़ पंचायत ता़री रे पैराखोप आतो रे मित्टेन का़मीहोरा ओराम काते चा़सीको ताला रे सेतोङ चास रेयाक् इता़को हा़टिञ केदा। नोआ ओ़पसो़र रे उद्यान मित्र शिवलाल मरांडी आर किसान मित्र मंत्री राम मंडलाक् सेनेटेर रे चा़सी घारो़ंज ताला रे बेंगाड़, कुड़चा़, कारला, रामझिंगा़ एमान उतुतेयाक् रेयाक् इता़को हा़टिञ केदा। आर से नो़ते चा़सीदो़ इता़ रो़हो़य रेयाक् धारा आर ओना रान रेयाक् बानाडायको एमात्कोआ आर मोंज ओ़रजो़न होयोक् ला़गित् ते टिप्सकोएमात्कोआ। नोआ ओ़पसो़र रे



सुबल पाल, जमुना राय, रेखा राय, तालुका राय, सोमवार राय, लखी राय, नियति बावड़ी, अंबला राय, चंचला राय, कलावती राय, मनी राय, पांडू राय, जलधर राय, गणेश राय,मणिलाल राय, हीरालाल राय, सांवते आयमा चा़सी घारो़ंजको सेटेराकान ताहेंकाना। नोआ ओ़पसो़र रे मो़ट 33 चा़सी ताला रे इता़को हा़टिञ केदा।

## रांची रे खाण्डाबाण्डा सालाक्को साप् केदेया मित्टेन दुसी

खोबोरिया

**रांची।** सदर थाना पुलिस दो़ खाण्डाबाण्डा सालाक् मित्टेन दुसीको साप् केदेया। साप् केदे दुसीयाक् ञुतुम दो़ अभिषेक कुमार शर्मा काना। उनी दो़ बूटी मोड़ रेयाक् आनंद बिहार गली नंबर 5 रेन ताहेंनो़क् वाला कानाय। नुई ठेन खो़न देशी पिस्टल आर मित्टेन कारतूसको ञाम आकादा।

डीएसपी संजीव बेसरा दो़ सा़गुनमाहां हिलोक्ए ला़ई केदा जे भितरी-भितरी ते खो़बो़र ञामलेन लेका रे जा़पुत् काते बूटी बस्तीरेयाक् वाक्सपोल फैक्टरी ठेन खो़न मित्टेन जुवा़न दो़ खाण्डाबाण्डा सालाक्को साप् केदेया। पूछताछ रे दुसी दो़य मेन केदा जे उनी दो़ खाण्डाबाण्डा आर कारतूस दो़ बिहार रेयाक् औरंगाबादखो़नको आ़गु आकादा।

नोआ ते हो़ड़ ठेन खो़न पायसा-टाका रेच्को लेकान घो़टना कोराव रेयाक् पोन्था रेय ताहेंकाना। नुई उपा़र रे माड़ाङ रे हों बारया मामला दर्ज आकान मेनाक्आ।



## क्रिसमस दो़ आबो दुला़ड़, पा़तिया़क् आर आलाय रेयाक् संदेशे एमाबोन काना: रेव्ह रवि हांसदा



**खूंटी।** छोटानागपुर डायसिस ता़री रे उत्तर भारत रेयाक् कलीसिया (सीएनआई चर्च) संत अंद्रियास उपासना तपकारा पोरिश रे क्रिसमसओ़पसो़र रे सा़गुनमाहां हिलोक् पेरिश रेव्ह एमएम हांसदा, रेव्ह मनुमहेश हांसदा आर रेव्ह रवि हंस होतेते बिनती होय एना। नोआ ओ़पसो़ररे सो़नो़त प्रभु भोज दो़ जो़तो़ बोयहा-बुहिनको जो़म हा़टिञ केदा।क्रिसमस ओ़पसो़र रे पेरिश रेव्ह मनु महेश हांसदा आर सीएनआईरांची केंद्र खो़न रेव्ह रवि हंस दो़ तपकारा पेरिश रेन जो़तो़आरे मो़ंडो़ल रेन हो़ड़ संदेशको एमात्कोआ। बाइबल रेयाक् वचन तेओनको दो़को मेन केदा जे क्रिसमस दो़ आबो दुला़ड़, पा़तिया़क्,आलाय आर दायाक्ए चेत्आबोन काना, चेदाक्जे आबो ला़गित् मित्टेन बाले गिदरा़य जानाम आकाना आर आबो सुतुक्बोन रेयाक् जिमा़बा़रीदो़ उनीयाक् तारेन रे ताहेंना। नोआ ओ़पसो़र रे तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया दो़ ईसा़ई हो़ड़को क्रिसमस रेयाक् बोंगेआसेएमात्कोआ।

## आजसू रेन नेता दो़ मायाम गोहावाकान निर्मल महतोवाक् जो़नो़ममाहां रेको उयहा़र आंजले केदेया

**रामगढ़।** शहीद निर्मल महतोवाक् 75धावाक् जो़नो़म माहां रे आजसू रेननेता दो़ उनीको उयहा़र आंजले केदेया। सा़गुनमाहां हिलोक् आजसू जिलाकार्यालय रे का़मीहो़रा ओराम ओचो कातेक् मायाम गोहावाकान निर्मल महतोको उयहा़र आंजले केदेया। उन ओ़कते पार्टी रेन नेता दो़य मेनकेदा जे आलाग झारखंड बेनाव रे मायाम गोहावाकान निर्मल महतोवाक् एनेम दो़ आ़डी माराङ ताहेंकाना। तेहें आबो दो़ उनीयाक् उदुक्डाहार रे चालाक् जा़रूड़्कान ताबोना, तो़बे आनेच् गे झारखंड रेनहो़ड़ आर पो़नो़त दो़ लाहान्ती दाड़ेयाक्आ। पार्टी रेन केंद्रीयसचिव मनोज कुमार महतो, हेमलाल महतो, जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी दो़ शहीद निर्मल महतोवाक् चिता़र रे बाहा-माला आराव कातेक्को जोहार आदेया। ओना तायो़म पार्टी रेन कार्यकार्ताको दो़ मिमित् हो़ड़कातेक् मायाम गोहावाकान निर्मल महतोवाक् चिता़र रे बाहा-माला आरावकातेक्को जोहार आदेया।

## मौसम विभाग दो़य ला़ई केदा रेयाड़ राबाङ रेयाक् चेतावनी, धियान ते ताहेनपे

**नावां दिल्ली।** बुरू रे बो़रो़फ जा़ड़ीक्कान ते दिल्ली रेयाक् एनसीआर ला़यते उत्तर भारत रेयाक् आयमा पो़नो़त रे रेयाड़ हो़य आईका़क् काना। भारतीय मौसम विज्ञान विभागाक् ला़ई लेका तेदारायकान हापता रे हों नोआ खो़न बांचाक् दो़ मुसकिल गेया। नोंका रे दो़ बांचाक् ला़गित् ते आ़डी सो़नतो़र ते ताहेंन जा़रूड़ा।थो़ड़ागान भुल होय लेनखान गे गा़हिर रूवा़ रेयाक् कारो़न बेनाव दाड़ेयाक्आ। थो़ड़ागान मामला रे का़ठना़क् रेयाड़ हो़य तेम गो़च् दाड़ेयाआ। भारतीय मौसम विज्ञान विभागाक् ला़ई लेकाते तिन रे टा़न्डी टो़ठा रे न्यूनतम तापमान 4 डिग्री सेल्सियस आर ओना खो़न हों को़म लेनखान नो़ते ओना दो़ का़ठना़क् रेयाड़ हो़यको मेतावाक् काना।

## आशुतोष आर इंदु ता़किनाक् भोजपुरी एलबम 'दीवानी' यूट्यूब रे रिलीज एना

खोबोरिया

**रांची।** झारखंड रेन नामडाक इदिक्कान लोक गायनाहा आशुतोष द्विवेदी आर भोजपुरी रेन नामडाक गायनाहा इंदु सोनाली ता़किनाक्मित्टेन भोजपुरी लोक गीत ''दीवानी'' एलबम यूट्यूब रे सा़गुनमाहां हिलोक् रिलीज एना। भोजपुरी रे नोआ एलबम दो़ यूपी, बिहार आर झारखंड रेन हो़ड़ दो़ खुप्को कुसीयाक् काना। नोआ रे आशुतोष द्विवेदी आर इंदु सोनाली दो़ सेदाय रेयाक् भोजपुरी सेरेञ आर साफा-सा़फी आ़रीचा़ली दो़ आपनार आड़ाङ तेकिन सो़दो़र




आकादा। नोआ एलबम रेयाक् पुरा़उ शूटिंग दो़ झारखंड रेयाक् राजधानी रांची रे होय आकाना। नोआ भोजपुरी सेरेञ एलबम रे अभिनेता आशुतोष द्विवेदी आर अभिनेत्री शालिनी सिंह यादव, प्रोड्यूसर संगीता रानी, लिरिक्स संतोष साहिल, यूजिक हर्ष उपाध्याय, मिस मास्टर हम रिकॉर्ड्स, वीडियो डायरेक्ट मनोज वरुण, कैमरामैन रवि कुमार साहू, एडिटर जैजर सिंह, डीआई रोहित सिंह, मैकअप नैना सिंह आर पब्लिसिटी डिजाइनर अंकित एफ एक्स मेनाया।

## समुद्र रे उनुमो़क् ला़उका़ रे आरिफ दो़य बेनावेना सुपरहीरो, 30 मिलिट रे 30 हो़ड़े बाञ्चाव केत्कोआ

### महाराष्ट्र रेन माड़ाङ रेन सीएम दो़य मानो़त केदेया, हो़ड़ दो़ आ़डीको सारहावेदे काना

खोबोरिया

**मुंबई।** मुंबई शहर हादसों का शहर है नोआ सेरेञ रेयाक् लाइनओ़क्लो़क्इच् दो़ आ़डी गे हुदिस बुजहा़उ कातेय ओ़ल तानाक् आकादा। चेदाक्जे मुंबई माया नगरी रे हेच्एन दिन घो़टो़नाको होय बाड़ाक् काना। नो़ते पारो़मेन दिन गेटवे ऑफ इंडिया आड़े रे ला़उका़ दुरघो़टो़ना रे 15 हो़ड़ाक् जिवी चालाव लेना। नो़ते नोआ घो़टो़ना रे आयमा हो़ड़ हो़ंको बांचाव लेत्कोआ। जिवी बांचावताकोय मित् मुसला़ कोड़ा आरिफ भाई बामणे दो़ नोआ घो़टो़ना तायो़म उनुमो़क् हो़ड़को बांचाव लेत्कोआ। नोआ गे पुरा़उ मुंबई रेको सारहावेदे कान ताहेंना। आरिफआक् हिमा़त ञेल काते उनी दो़को मान मानो़त आकादेया। महाराष्ट्र रेन पूर्व सीएम आरशिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे दो़ आरिफए मान मानो़त आकादेया। मुंबई ला़उका़ घो़टो़ना रे आरिफ दो़



30 मिलिट रे 30 हो़ड़ाक् उनुम गुजुक् खो़ने बांचाव लेत्कोआ। नोआ गे पुरा़उ मुंबई रे आ़डीको सारहावेदे काना, ओका जो़खेच् ला़उका़ घो़टो़ना होयेना उन ओ़कते आरिफ दो़ मुंबई पोर्ट ट्रस्ट रे ला़उका़ रे ताहेंकाना। जेमो़न गेघो़टो़नाय बाडाय केदा तो़बे उनी दो़ सुपरहीरो लेका ओ़ण्डेय सेटेरेना आर 30 मिलिट रे 30हो़ड़ उनुमो़क् खो़ने बांचाव केत्कोआ आर मो़ंज तेय राकाप् ओडोक केत्कोआ। आरिफ भाईयाक् नोआ का़मी ञेल काते उद्धव ठाकरे दो़ उनीये मानो़त आकादेया। आरिफ दो़ नितो़क् मुंबई रेन हो़ड़को ला़गित्ए नामडाकआकाना। नोआ ओ़जे ते हो़ड़को ताला रे आ़डी चारचा चालाक् काना। मित् रिपोर्ट लेकाते आयाक् ला़उका़ पूर्वा सांवते डायबो़र आरिफ आर उनीयाक् टीम दो़ जवाहरदीप खो़न मुंबई तेको इदीयेत् ताहेंना। तो़बे घो़टो़नाय बाडाय केदा। आरिफ दो़ तुरा़ंत गे ताक रेय सेटेरेना आर उनुमो़क् कान ताहेंन हो़ड़को लाइफ जैकेट ए एमात्कोआ। आरिफआक् ला़उका़ रे 20 खो़न 25 हो़ड़को देच्ताहेंकाना। आर मित् एटाक्इच् दो़ ला़उका़ रे 30 खो़न 35 हो़ड़देच् आकानकोय ला़येत् ताहेंना। रिपोर्ट लेकाते आरिफ दो़य ला़ई केदा जे उनी आयाक् करियर रे नुना़क् माराङ राहत आर बांचाव का़मी बाय ञेलाकादा। पारो़मेन बुधवार हिलोक् होयेन घो़टोना रे 15 हो़ड़को गो़च् लेना। आरिफ दो़य ला़ई केदा जे मित्टेन पे बो़छो़र उमा़र रेन गिदरा़ साहेंत् रेय दिका़तो़क् कान ताहेंना तो़बे उनीय गो़ड़ोंवादेया। इना़ तायो़म दो़य साहेंत् दाड़ेयादा आर उनीयाक् जिवीय बांचाव केदा।

## भाजपाइयों ने मनायी वाजपेयी जी की जयंती, किया संगोष्ठी का आयोजन

# अटल जी का झारखंड राज्य के निर्माण में योगदान अविस्मरणीय : देवेंद्र कुंवर

संवाददाता

दुमका । जिला भाजपा की ओर से बुधवार को जिला कार्यालय में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष गौरव कांत ने की मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में धनबाद के विधायक राज सिन्हा उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी जी का जीवन भारतीय राजनीति के लिए एक अमूल्य प्रेरणा स्रोत है। वे एक ऐसे अद्वितीय नेता थे जिन्होंने अपनी बुद्धिमत्ता दूरदर्शिता और ईमानदारी से देश की नियति को आकार दिया। उनका व्यक्तित्व विराट था और उनकी कविताएं, विचार और नेतृत्व क्षमता आज भी हमें प्रेरित करती हैं।




जरमुंडी के विधायक देवेंद्र कुंवर ने अपने वक्तव्य में कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी जी का जीवन राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता और लोकतंत्र को समर्पित था। झारखंड राज्य के निर्माण में उनका योगदान अविस्मरणीय है, और इसी कारण से झारखंड के लिए यह दिन अत्यंत महत्वपूर्ण है।

प्रदेश मंत्री दुर्गा मरांडी ने कहा कि अटल जी ने सुशासन को अपनी राजनीति का केंद्र बिंदु बनाया, और उनके नेतृत्व में देश ने प्रगति के अनेक आयाम छुए। उनकी जयंती को पूरे देश में सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाना, उनके द्वारा स्थापित आदर्शों को पुनः जीवंत करने का प्रयास है।

गौरव कांत ने कहा, ÷अटल जी ने झारखंड राज्य का निर्माण कर यहां के लोगों के सपनों को साकार किया। उनका योगदान झारखंड के हर व्यक्ति के दिल में एक विशेष स्थान रखता है। आज उनकी जयंती पर हम सभी उनके आदर्शों को आत्मसात करने और सुशासन के उनके सिद्धांतों को आगे बढ़ाने का संकल्प लेते हैं कार्यक्रम में मौके पर जिला प्रभारी संजीव जजवाड़े सुरेश मुर्मू परितोष सोरेन निवास मंडल जिला महामंत्री पवन केसरी, जिला उपाध्यक्ष बिट्टू सिंह पिंटू साह जिला मंत्री गुंजन मरांडी युवा मोर्चा अध्यक्ष रूपेश मंडल एससी मोर्चा अध्यक्ष श्रीधर दास महिला मोर्चा अध्यक्ष ममता साह किसान मोर्चा अध्यक्ष भृगु नाथ यादव अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष फारुख अनवर जवाहर मिश्रा अमिता रक्षित दीपक स्वर्णकार पंकज वर्मा मृणाल मिश्रा राजेश वर्मा सुजीत यदुवंशी वीरेंद्र मरांडी नीतू झा रानी सिंह प्रिया सिंह दीपाली मंडल विजय दास लक्ष्मण पंडित दिनेश सिंह गोपीनाथ दत्ता कामेश्वर गुप्ता लंबोदर दास कुश कुमार पाल एवं भाजपा कार्यकर्ताओं और विभिन्न क्षेत्रों से आए गणमान्य लोगों ने अटल जी के व्यक्तित्व और कृतित्व को स्मरण किया और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

# धूमधाम से मनाया गया क्रिसमस का त्यौहार




संताल एक्सप्रेस संवाददाता

दुमका। शहर में धूमधाम से मनाया गया क्रिसमस का त्यौहार। क्रिसमस के मौके पर लोगों ने एक-दूसरे को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। जिला मुख्यालय सहित प्रखंड क्षेत्रों में भी रविवार को देर रात से ही चारो ओर क्रिसमस का उल्लास छाया रहा। बुधवार को क्रिसमस के अवसर पर शहर के रोमन कैथोलिक चर्च, संत पॉल चर्च दुधानी, एनईएलसी चर्च डंगालपाड़ा, बंदरजोरी चर्च, संत मेरी चर्च, संत अंद्रियास चर्च खूंटाबांध साथ ही शहर के कई गिरिजाघरों में सुबह से ईसाई धर्मावलंबियों का तांता लगा रहा। गिरिजाघरों में लोग सामुहिक प्रार्थना सभाओं में शामिल हुए और प्रभु यीशु के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। गिरिजाघर परिसर में प्रभु यीशु के जीवन से जुड़ी झांकियां आकर्षण का केंद्र रहा।

## भाजपाइयों ने वाजपेयी की जयंती शताब्दी वर्ष के रूप में मनायी

संवाददाता

जरमुंडी । जरमुंडी प्रखंड अंतर्गत बासुकीनाथ, सहारा, तालझारी, हरिपुर, नोनीहाट सहित प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न स्थान में कार्यक्रम आयोजित कर बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती शताब्दी वर्ष के रूप में मनाई गई। बासुकीनाथ में नगर अध्यक्ष शैलेश राव के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित कर उनके फ़ोटो पर माला व पुष्प चढ़ाया गया। कार्यक्रम के उपरांत नेता एवं कार्यकर्ताओं के बीच मिठाई का भी वितरण किया गया।




## कार्यक्रम रंग तरंग को लेकर हुई बैठक



दुमका। जिला कला संस्कृति संघ दुमका द्वारा 30 दिसंबर को आयोजित होने वाले कार्यक्रम रंग तरंग से संबंधित बैठक बुधवार को इंडोर स्टेडियम में शिशिर घोष की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि कार्यक्रम 12-30 बजे प्रारंभ किया जाएगा और संध्या 7:00 बजे तक समाप्ति की जाएगी। कार्यक्रम में गायन, वादन, नृत्य, लघु नाटिका, कवि सम्मेलन एवं पेंटिंग प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। निर्णय लिया गया के सभी प्रतिभागियों को संघ की ओर से प्रमाण पत्र एवं मोमेंटो प्रदान किया जाएगा। निर्णय लिया गया है कार्यक्रम की तिथि को शहर के दिवंगत कलाकारों को श्रद्धांजलि दी जाएगी। मुख्य अतिथि , विशिष्ट अतिथि एवं सम्मानित अतिथियों का संताली परंपरागत रीति से स्वागत किया जाएगा , जिसकी जिम्मेदारी हीमैनुएल स्वर्ण उपाध्यक्ष को दी गई। कार्यक्रम में परंपरागत गीत , हमारे सांस्कृतिक विरासत से जुड़े कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। निर्णय लिया गया की कार्यक्रम में गीत संगीत का संयोजन महेंद्र प्रसाद शाह करेंगे, नाटक का संयोजन श्री नवीन चंद्र ठाकुर करेंगे तथा कवि सम्मेलन का संयोजन अंजनी शरण करेंगे। पूरे कार्यक्रम में मंच का संचालन श्री संजय कुमार एवं नवीन चंद्र ठाकुर संयुक्त रूप से करेंगे। बैठक में अशोक सिंह अध्यक्ष मधुर सिंह कोषाध्यक्ष, उमाशंकर चौबे, संजय कुमार, सुनील शर्मा ,अमरेंद्र सिंहा , सागर वर्मा ,ऋतुराज कश्यप, राजेश कुमार, महेंद्र प्रसाद शाह, किशोर चंचल, शर्मिला सिन्हा,अनिल कुमार सिंह दिलीप मिर्धा , डा0 मनोज कुमार घोष उपस्थित थे।

## पुण्यतिथि पर याद किए गए ज्ञानी जैल सिंह



दुमका । झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज जिला दुमका के अध्यक्ष गंगाधर शर्मा के नेतृत्व में विश्वकर्मा समाज के गौरव पूर्व राष्ट्रपति स्वर्गीय ज्ञानी जैल सिंह की पुण्यतिथि जिला कार्यालय ग्रांट स्टेट दुमका में मनाया गया। जिला अध्यक्ष गंगाधर शर्मा ने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह हमारे समाज के गौरव है इन्होंने जीवन में बहुत संघर्ष किया और अपने राष्ट्रपति काल में कई अहम फैसले लिए और किसी दबाव में आए बिना अपने कार्यकाल को पूरा किया। आज विश्वकर्मा समाज को इनसे प्रेरणा लेकर संघर्ष के रास्ते पर आगे बढ़ना होगा। विश्वकर्मा समाज जल्द ही वन विभाग के मनमानी के खिलाफ सड़क पर उतरकर आंदोलन करने का निर्णय लिया है प्रदेश सचिव पवन शर्मा ने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह की बताए गए मार्ग पर चलकर विश्वकर्मा समाज को राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करना होगा तभी समाज का भला होगा। कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव जयप्रकाश शर्मा, प्रदेश सचिव पवन शर्मा जिला महासचिव रवींद्र शर्मा कर समिति सदस्य मुकेश शर्मा पिंटू शर्मा एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## सुशासन दिवस के रूप में मनी अटल जी की जयंती



गोपीकांदर(दुमका) । भाजपा कार्यालय गोपीकांदर में बुधवार को मंडल अध्यक्ष नकुल साह के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जी की जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनायी। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने अटल जी की चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। अवसर पर मंडल अध्यक्ष नकुल साह ने कहा कि अटल जी देश के ऐसे नेता थे जिनके लिए देश प्रथम था, सभी दलों के नेता उनका सम्मान करते थे। उन्हें देश की राजनीति में अजातशत्रु के नाम से जाना जाता है। उन्होंने आगे कहा कि अटल जी ने सुशासन का जो मॉडल अपने प्रधानमंत्री काल में देश के सामने रखा उसको देश ने सदैव सराहा। अपने नाम के अनुरूप अटल जी ने तमाम विरोधों के वावजूद परमाणु परीक्षण करके देश के सामने अपने दृढ़ इच्छाशक्ति को प्रदर्शित किया। उनके व्यक्तित्व से सभी युवाओं को प्रेरणा लेनी चाहिए। इस मौके पर देवआशीष साह, संतोष गृही, पौरेश कूंवर, गोपिया देहरी, रोशनी रानी, गीता देवी सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## विभिन्न गिरजाघरों में धूमधाम से मनाया गया क्रिसमस डे



संवाददाता

गोपीकांदर । प्रखंड के तरनी, कारूडीह, गुम्मामोड़, गढ़ियापानी, रांगामिशन, चिरापाथर, छतरचुआं, सुरजुडीह, दुदुवां, मुसना एवं दुर्गापुर सहित दर्जनों गिरजाघरों में बुधवार को धूमधाम के साथ क्रिसमस डे मनाया गया। प्रखंड मुख्यालय के नजदीक गोपीकांदर चर्च में प्रार्थना सभा आयोजित की गई। इसाई समुदाय के लोगों ने प्रभु यीशु के भजन गाए। इस दौरान संस्कृतिक और अन्य कार्यक्रम हुए। तरनी स्थित एनएलइसी और आरसी चर्च में सुबह से ही इसाई समुदाय के लोगों के पहुंचने का क्रम शुरू हो गया था। इस दौरान प्रार्थना हुई। तरनी आरसी के फादर प्रेम प्रकाश मरांडी और गिरजा मास्टर राजा मुर्मू ने प्रार्थना और गिरजा पाट करवाया। उन्होंने प्रभु यीशु के त्याग, बलिदान और मानवता के प्रति किए गए कामों को याद किया। इससे पूर्व मंगलवार की अर्द्धरात्रि में प्रभु यीशु के जन्मदिन पर जश्न मनाया गया। देर रात तक चर्च एवं गिरजाघरों में भजन कीर्तन का दौर जारी रहा। इस अवसर पर झारखंड विधानसभा के प्रोटेम स्पीकर सह महेशपुर विधायक प्रों स्टीफन मरांडी, प्रखंड अध्यक्ष संतोष मरांडी, प्रेम प्रकाश मुर्मू, लुक हांसदा, आरनेस हांसदा, सैमुएल मुर्मू, पॉल हेंब्रम, जगजीत मरांडी, ब्रज भूषण हांसदा सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## सभी गिरजाघरों में धूमधाम से मनाया गया क्रिसमस





रानीश्वर । प्रखंड के विभिन्न गिरजाघरों में काफी उत्साह के साथ क्रिसमस पर्व मनाया गया।आसनबनी के मिशन स्थित आवासीय विद्यालय, रघुनाथपुर के खीस्त राजा मिशन, मुरगुणी मिशन समेत सभी गिरजाघरों में बड़ा दिन के अवसर पर आयोजित प्रार्थना सभा मे लोगो की भीड़ उमड़ी।

मुरगुणी मिशन में फादर डॉमनिक मरांडी,फ्रांसिस मुर्मू एवं सिस्टर अंजुला के अगुवाई में प्रार्थना सभा हुई।

## नवाडीह एफसी ने 1 -0 से जीती फुटबॉल प्रतियोगिता



संवाददाता

जामा । मनका पहाड़ी रास मेला के अवसर पर चांद भैरव युवा क्लब जामा की ओर से तर्रा मनका पहाड़ी मैदान में आयोजित दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता बुधवार को सम्पन्न हुई। बुधवार को फाइनल मुकाबला 1932 एफसी बनाम नवाडीह एफसी के बीच खेला गया। जिसमें नवाडीह एफसी ने कड़े मुकाबले में 1 -0 से जीत दर्ज कर प्रतियोगिता पर कब्जा कर लिया। जिला परिषद सदस्य कालेश्वर सोरेन और सचिव सत्तार खान ने नवाडीह एफसी को नगद दस हजार देकर सम्मानित किया। जबकि द्वितीय पुरस्कार 1932 एफसी को खटंगी के डुनूच मुर्म और वाल?देव राय ने नगद सात हजार देकर पुरस्कृत किया। तृतीय पुरस्कार एम पी हांसदा ब्रदर टिम को मुन्ना टुडू एवं विशाल टुडू के द्वारा नगद तीन हजार राशि प्रदान किया गया। जबकि चतुर्थ पुरस्कार संथाल कोड़ा एफसी को तीन हजार रूपए नगद देकर ग्राम प्रधान मिरिश मुर्मू के द्वारा सम्मानित किया गया।

## छात्रा स्वाति राज ने युवा महोत्सव में प्राप्त किया प्रथम स्थान



संवाददाता

दुमका। खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं नेहरू युवा केंद्र के संयुक्त तत्वाधान में रांची में आयोजित राज्य स्तरीय युवा महोत्सव 2024 के भाषण प्रतियोगिता में सिदो कान्हू उच्च विद्यालय दुमका 12वीं की छात्रा स्वाति राज ने राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में प्रथम स्थान प्राप्त कर दिल्ली में आयोजित होने वाली राष्ट्र स्तरीय युवा महोत्सव 2025 के लिए चुनी गई। जिसमें स्वाति राष्ट्र स्तरीय युवा महोत्सव 2025 में झारखंड का नेतृत्व करेगी। स्वाति के इस उपलब्धि के लिए सिदो कान्हू उच्च विद्यालय के सचिव प्रदीप्त मुखर्जी निर्देशिका सुनीता मुखर्जी विद्यालय प्रबंधक रोदोशी मुखर्जी एवं समस्त विद्यालय प्रबंधन ने स्वाति को ढेर सारी शुभकामनाएं देकर बधाई दी।

## नोनीहाट बाजार में दो दुकानों में चोरी, प्राथमिकी दर्ज

हंसडीहा। थाना क्षेत्र के नोनीहाट बाजार स्थित दो दुकानों में हुई चोरी मामले में मंगलवार की देर शाम प्राथमिकी दर्ज कर हंसडीहा पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार बीते शनिवार की देर रात्रि दो दुकानो में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। दुकान में चोरी होने से नोनीहाट के व्यापारी वर्गों में हड़कंप मच गया। घटना को लेकर दुकानदार रमेश कुमार ने बताया कि रोजाना की तरह शाम को दुकान बढ़कर अपने घर सोने के लिए चले गए। रविवार को सुबह ज़ब अपने दुकान को खोलने के लिए पहुंचे तो देखा की दुकान का ताला टूटा पड़ा है और दुकान में रखा सामान सारा बिखरा पड़ा हुआ हैं। मोबाइल दुकान से एक लैपटॉप चार मोबाइल, ब्लूटूथ का 18 पीस, तथा मोबाइल से संबंधित पाट्र्स और नगद 2000 चोरी की गई है। वही विजय चौरसिया की दुकान से सिगरेट और पान मसाला की चोरी कर ली गई।

## सोहराय मिलन समारोह कार्यक्रम में सांसद विधायक और जिप अध्यक्ष करेंगे शिरकत

शिकारीपाड़ा । युवा संघ समिति ने बुधवार को प्रखंड स्तरीय सोहराय मिलन समारोह की तैयारी को लेकर की बैठक। बैठक में प्रखंड क्षेत्र में कॉल ब्लॉक का भी मुद्दा छाया रहा। बैठक में इन सारे मुद्दों पर जनता का विरोध का मुद्दा तेज होने लगा है। शिकारीपाड़ा युवा संघ व ग्राम प्रधान संगठन के द्वारा 07 जनवरी को प्रखंड स्तरीय सोहराय मिलन समारोह आयोजन की जाएगी। समारोह में मुख्य अतिथि (माराङ तीञाङ) सांसद नलीन सोरेन (दिदी) जिला परिषद जोएस बेसरा, विधायक अलोक कुमार सोरेन शामिल रहेंगे। बैठक में विधानसभा चुनाव होने के महज एक माह मे शुरू हुए काठीकुंड गोपीकांदर में कोल ब्लॉक गतिविधि पर सर्वे से विरोध प्रकट किया। लोगों ने कहा कि विधायक सांसद झामुमो के रहते हुए भी कोल ब्लॉक को लेकर गतिविधि तेज हो रही है जिससे जल जंगल जमीन की रक्षा मुश्किल हो सकती है जिस पर स्थानीय विधायक सांसद का चुप्पी साधना बेहद अफसोस बताया। गोपीकादर काठीकुंड के बाद शिकारीपाड़ा प्रखंड के पंचबहिनी, जगतपुर, सरायपानी, जमरुपानी, हरिनसिंगा आदित्य क्षेत्र में भी कोल ब्लॉक गतिविधि तेज होने की आशंका व्यक्त करते हुए कड़ी निंदा की। मौके पर बैठक में जिला परिषद सदस्य प्रकाश हांसदा, युवा संघ अध्यक्ष दुलाल बेसरा, सचिव करण मुर्मू, कोषाध्यक्ष राम सोरेन, संयोजक चान्दो बास्की आगनेश किस्कू, दिनेश हेम्बरम, पोरेश बास्की, डेविड सोरेन, शिवधन हेम्बरम, मोतीलाल सोरेन, सोलेमान मुर्मू, बाबलू हेम्बरम आदि शामिल थे।

## पोटका विधायक ने बाबा बासुकीनाथ में की पूजा



जरमुंडी । बाबा बासुकीनाथ मंदिर में पौष मास, कृष्ण पक्ष की दशमी तिथि पर बुधवार को पोटका विधायक संजीव सरदार ने बाबा फौजदारीनाथ की पूजा अर्चना की। बासुकीनाथ मंदिर के पंडा-पुरोहित सुबोधकांत झा उर्फ पार्थो बाबा ने उन्हें विधि विधानपूर्वक पूजा अर्चना व आरती करायी। मंदिर प्रांगण में विधायक ने बाबा बासुकीनाथ, माता पार्वती, माता काली, शत्रुसंहारिणी बगलामुखी माता सहित दस महाविद्या देवी की भी पूजा अर्चना किया। इसके उपरांत बासुकीनाथ में उन्होंने कुछ झामुमो कार्यकर्ताओं के साथ भी मुलाकात की। इस मौके पर बासुकीनाथ मंदिर के सुरक्षाकर्मी गौतम राव, कपिलदेव पंडा, उदय मंडल, गुड्डू कुमार, नंदकिशोर ठाकुर आदि मौजूद थे।

# ध्यान, साधना व योग कार्यक्रम शुरू

संवाददाता

दुमका । जिला संतमत सत्संग समिति की ओर से हर साल की भांति इस साल भी महर्षि मेंही आश्रम में सात दिवसीय का ध्यान साधना शिविर एवं संतमत सत्संग का आयोजन बुधवार से शुरू हो गया है जो 31 दिसंबर तक चलेगा। इस कार्यक्रम में प्रातः काल से ही ध्यान भजन कीर्तन एवं संतमत सत्संग प्रारंभ हुआ सर्वप्रथम धर्म ग्रंथ सत्संग योग से पाठ हुआ तत्पश्चात प्रवचन के द्रव्यमान महर्षी आश्रम से पधारे महात्माओं ने अपने-अपने ढंगो से समझाया ध्यान योग के बारे में कहा ध्यान किसी स्वच्छ और शांत वातावरण में करें। ध्यान करते वक्त सोना मना है। ध्यान करते वक्त सोचना बहुत होता है। लेकिन यह सोचने पर कि %मैं क्यों सोच रहा हूं% कुछ देर के लिए सोच रुक जाती है। सिर्फ श्वास पर ही ध्यान दें और संकल्प कर लें कि 20 मिनट के लिए मैं अपने दिमाग को शून्य कर देना चाहता हूं। अंततः ध्यान का अर्थ ध्यान देना, हर उस बात पर जो हमारे जीवन से जुड़ी है। शरीर पर, मन पर और आस-पास जो भी घटित हो रहा है उस पर। विचारों के क्रिया-कलापों पर और भावों पर। इस ध्यान देने के जारा से प्रयास से ही हम अमृत की ओर एक-एक कदम बढ़ सकते है।



जब आंखें बंद करके बैठते हैं तो अक्सर यह शिकायत रहती है कि जमाने भर के विचार उसी वक्त आते हैं। अतीत की बातें या भविष्य की योजनाएं, कल्पनाएं आदि सभी विचार मक्खियों की तरह मस्तिष्क के आसपास भिनभिनाते रहते हैं। इससे कैसे निजात पाएं? माना जाता है कि जब तक विचार है तब तक ध्यान घटित नहीं हो सकता। अब कोई मानने को भी तैयार नहीं होता । वही अपराह्न कालीन 3ः00 बजे से ध्यान एवं भजन कीर्तन के साथ तबला पर आर्य एवं गायक भूषण जी के द्वारा संतमत सत्संग प्रारंभ हुआ तत्पश्चात प्रवचन हुआ एवं महर्षि मेंही पुसारो के व्यवस्थापक पूज्य स्वामी अरणयानंद भिक्षु जी ने कहा यह कार्यक्रम हर साल होता है और यह कार्यक्रम प्रातः काल 3ः00 बजे से ही ध्यान,ज्ञान सत्संग भजन प्रारंभ हो जाता है जो अभी 7 दिन तक चलेगा इस कार्यक्रम को देखते हुए समिति एवं आश्रम में विद्यार्थी गण के द्वारा स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है इस कार्यक्रम में काफी ही दूर- दूर से साधकों, श्रद्धालु आ रहे हैं।